P372

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, बुधवार 12 नवंबर 2025

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 14
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...


हेलमेट नहीं तो कटा पुलिसवालों का चालान



पेज-2

जाह्नवी ने तेलुगू स्पीचसे इंप्रेस दी



पेज-5

सचिव काम नहीं करेगा, साले को हटा दूंगे-मुख्यमंत्री



पेज-6


आउटसोर्स कंपनी का मैनेजर बनाकर दिया फूल पॉवर

# एमटीएच अस्पताल प्रबंधन का नया कारनामा : वार्डबॉय को बनाया इंचार्ज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● एमजीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध एमटीएच महिला अस्पताल में एक गजब मामला सामने आया है। यहां पर अस्पताल प्रबंधन ने एक वार्ड ब्वॉय को आउटसोर्स कंपनी का मैनेजर बना रखा है। साथ ही उसे पूरे पॉवर भी दे रखे हैं।

उल्लेखनीय है कि आउटसोर्स कंपनी के माध्यम से अस्पताल में सफाई, सुरक्षा, हाउसकीपिंग, लिफ्ट संचालन, इलेक्ट्रीशियन आदि कार्य के लिए कर्मचारी तैनत किए हैं। एमजीएम मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने यह आउटसोर्स का ठेका एजाइल कंपनी को दे रखा है। इसके लिए हर माह करोड़ों रुपए का भुगतान किया जाता है। यह भुगतान भी किया जाता है, जब सभी अस्पतालों में तैनात जिम्मेदार बिल का वैरिफिकेशन करते हैं, तब डीन द्वारा राशि का भुगतान कंपनी को किया जाता है।




**इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी कैसे दे दी :** एमवायएच में चूहा कांड होने के बाद भी लापरवाही का सिलसिला जारी है। एक महत्वपूर्ण पद पर एमटीएच अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी के पद पर पदस्थ पंकज सोप को अस्पताल अधीक्षक डॉ. अनुपमा द्वारा प्रबंधक, एजाइल कंपनी नियुक्त किया है। इस कंपनी के द्वारा अस्पताल में आउटसोर्स के करीब 40-50 कर्मचारी तैनात होंगे, जो अस्पताल में विभिन्न जिम्मेदारी संभालते हैं । इन सभी कर्मचारियों की ड्यूटी और कार्य की मानिटरिंग का कार्य प्रबंधक द्वारा देखा जाता है। साथ ही आउटसोर्स कंपनी ने तय कर्मचारियों की संख्या के मुताबिक अस्पताल में कर्मचारी ड्यूटी पर लगा रखे हैं या नहीं, यह जिम्मेदारी भी वही देखता है। साथ ही इन सभी कर्मचारियों की अटेंडेंस चेक करना का काम भी प्रबंधक या उसके अधिनस्थ तैनात कर्मचारी को करना होता है । इतने महत्वपूर्ण पद पर एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को कैसे नियुक्त किया गया है, यह बड़ा सवाल है।

**पूरे अस्पताल का निजाम संभाले हुए 'मैनेजर साहब' :** अस्पताल सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एमटीएच अस्पताल में मैनेजर साहब पूरे अस्पताल का निजाम संभाले हुए हैं। अधीक्षक से ज्यादा उनकी पूछ-परख है और यहां तक कहा जाता है उनके जानकारी के बगैर पत्ता भी नहीं हिलता । मैनेजर साहब पूर्व में एमवायएच में वार्ड ब्वाय के पद पर तैनात थे, किन्हीं खास कारणों के चलते इनका यहां से स्थानांतरण कर दिया था। इतना ही नहीं मैनेजर साहब से आउटसोर्स के कर्मचारी तो ठीक, अन्य कर्मचारी भी खौफ खाते हैं, क्योंकि वह किसी भी ड्यूटी बदलने की ताकत रखते हैं। इस संबंध में कई शिकायत डीन कार्यालय तक भी पहुंची है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में डॉ. अनुपमा दवे और डीन से चर्चा करने की कोशिश की गई, लेकिन वो उपलब्ध नहीं हो सके।

### मेडिकल ऑफिसर के पास जिम्मेदारी

वहीं एमजीएम मेडिकल कॉलेज के अन्य अस्पतालों जैसे एमवायएच, चाचा नेहरू अस्पताल, शा. कैंसर अस्पताल, मानसिक चिकित्सालय आदि की बात करें, तो यहां मेडिकल ऑफिसर या फिर नर्सिंग ऑफिसर को जिम्मेदारी दे रखी है। एमवायएच में तो मेडिकल ऑफिसर को एजाइल कंपनी का नोडल अधिकारी बनाया हुआ है, वहीं नर्सिंग ऑफिसर को सुपरवाइजर यानि पंकज सोप एक मेडिकल ऑफिसर स्तर के अधिकारी का कार्य देख रखा है, जबकि एमटीएच अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर, फार्मासिस्ट, नर्सिंग ऑफिसर की कमी नहीं है, उन्हें आसानी से यह जिम्मेदारी दी जा सकती है, क्योंकि यह बहुत ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।



### खेद प्रकट...

■ *कल के संस्करण में प्रकाशित समाचार में यह जानकारी दी गई थी कि अभिनेता धर्मेंद्र का निधन हो गया है। हमें खेद है कि वह समाचार असत्य निकला। धर्मेंद्रजी स्वस्थ हैं और उनके संबंध में दी गई गलत जानकारी से पाठकों, उनके परिवार और प्रशंसकों को हुई असुविधा के लिए हम गहरा खेद व्यक्त करते हैं। यह त्रुटि तथ्य की पुष्टि में हुई अनजाने चूक के कारण प्रकाशित हुई। समाचार पत्र प्रबंधन भविष्य में ऐसी भूल दोबारा न हो, इसका पूर्ण ध्यान रखेगा। हम धर्मेंद्रजी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सुखद जीवन की कामना करते हैं।*

### न्यूज ब्रीफ

- कश्मीर : जमात-ए-इस्लामी के सदस्यों के घरों पर कुलगाम पुलिस की रेड
- हरियाणा : रोहतक में कार के अंदर मिला एक करोड़ रुपए कैश, सिक्योरिटी जांच के दौरान जब्ती
- दिल्ली धमाके के बाद शोपियां में अलर्ट, जम्मू-कश्मीर पुलिस का ओजीडब्ल्यूएस के खिलाफ ऑपरेशन
- एक्टर धर्मेंद्र को अस्पताल से मिली छुट्टी, लौटे घर
- अभिनेता गोविंदा की तबीयत बिगड़ी, बेहोश होकर गिरने के बाद अस्पताल में भर्ती
- अफगानिस्तान में हमला कर सकता है पाकिस्तान, रक्षा मंत्री ने दी चेतावनी
- रूस ने अंडरग्राउंड न्यूक्लियर टेस्ट करने के डोनाल्ड ट्रंप के आरोपों को खारिज किया
- सुप्रीम कोर्ट में शिंदे बनाम उद्धव पर फाइनल सुनवाई आज, धनुष-बाण सिंबल पर होना है फैसला
- इजरायल के सामरिक मामलों के मंत्री रॉन डर्मर ने इस्तीफा दिया
- पीएम मोदी आज भूटान दौरे से लौटकर करेंगे कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की बैठक

जेल से रिहा होने वाले कैदियों से कोरे कागज पर करवाते हैं हस्ताक्षर

# सब जेल देपालपुर में नई आमद से करवाते हैं खेती

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**

सब जेल देपालपुर के जेलर की मनमानी लगातार चरम पर ना अधिकारियों का डर ना प्रशासन का भय बरसों से जमे जेलर आरएस कुशवाह जो जेल के नियमों को खूंटी पर टांग कर काम करते हैं। ऐसा नहीं है जेलर के खिलाफ शिकायतें नहीं हुई, लेकिन जेलर के सत्ता पक्ष के नेताओं से तार इतने लंबे हैं कि इनका कोई आज तक कुछ बिगाड़ नहीं पाया, इसलिए नई आमद के कैदियों के साथ इनका व्यवहार दंबगई जैसा रहता है। आमद आते ही उन्हें खेती के काम पर लगा दिया जाता है। लेकिन नियम यह कहता है कि विचाराधीन कैदियों से जेल में काम नहीं करवा सकते, लेकिन जेलर की मनमानी और पड़तालना के कारण उन कैदियों से जबरदस्ती काम करवाया जाता है। इतना ही नहीं जेल में मरम्मत के काम के लिए भी जेल में बंद कैदियों से ही काम लिया जाता है, जबकि नियम यह कहता है बाहर से मजदूर बुलवाकर मरम्मत का काम करवाना होता है। इतना ही नहीं छुटने वाले कैदियों से जेलर कोरे कागज पर हस्ताक्षर भी करवाते हैं ताकि छुटने वाले कैदी बाहर जाकर जेलर की शिकायत ना कर दे सब जेल देपालपुर में कुछ महीनो पहले बने वीसी कक्ष के निर्माण कार्य को भी बंद कैदियों से ही करवाया गया साथ ही यह भी पता चला है कि वीसी कक्ष में दो दीवालों का निर्माण किया गया है, दो दीवाले पुरानी मिलाकर वीसी कक्ष तैयार किया गया है। जिसमें हजारों रुपए के बिल लगाए गए सूत्र बताते हैं कि बरसों से जमे जेलर ने देपालपुर में खूब मोटा माल कमाया है, अभी 4 दिन पहले इन्होंने एक आलीशान बंगले का उद्घाटन भी किया है, जिसको लग्जरी स्टाइल में बनाया गया है, जिसमें आधुनिक यंत्र लगाए गए हैं। जेलर कुशवाह के खिलाफ लगातार शिकायत हुई, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने हमेशा मामले को दबाने का प्रयास किया देखा जाए तो जेल में लगे सीसीटीवी फुटेज में कई बड़े खुलासे हो सकते हैं, लेकिन जिम्मेदार अफसर और अधिकारी शासन प्रशासन के नियमों को खुलेआम ठेंगा दिखा रहे हैं इससे स्पष्ट पता चलता है कि जेलर कुशवाह को सत्तावादी नेताओं का और वरिष्ठ अधिकारियों का खुला संरक्षण प्राप्त है अब देखना होगा की देपालपुर सब जेल में व्यवस्थाएं सुधरेगी की या फिर ऐसे ही कैदियों के साथ दुर्व्यवहार और अत्याचार किया जाएगा।



देपालपुर सब जेल में सालों से जमा जेलर

जेलर की मनमानी के खिलाफ कई बार हुई सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत

निलेश चौहान : 94250-77209

देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत

शहर के नजदीक सब जेल देपालपुर में बरसों से जमे जेलर की मनमानी किसी से छुपी नहीं है। कैदियों से दुर्व्यवहार खराब खाना खराब, पानी की शिकायतें कई बार सीएम हेल्पलाइन पर हुई है, लेकिन जेलर शिकायतकर्ता पर किसी न किसी माध्यम से दबाव बनाकर मामले को रफा दफा कर देता है। इतना ही नहीं जेल की अनियमिता कई बार सामने आई है। कैदियों को मीनू के हिसाब से खाना नहीं दिया जाता है। सूत्रों से पता चला है कि एक ही प्रकार की सब्जी बार-बार दी जाती है। साथ ही ट्यूबवेल में शुरुआत में

सब जेल देपालपुर के जेलर वर्षों से यहां जमे हैं। पहले भी इनके खिलाफ कहीं शिकायत हुई है

देपालपुर रहते जेलर ने खूब संपत्ति बनाई है, जिसको लेकर स्थानीय संगठन के कार्यकर्ता जेलर के

# एग्जिट पोल्स से उलट नतीजे बता रहा फलोदी का सट्टा बाजार, आंकड़ों ने किया हैरान

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान खत्म हो गया है। अब नतीजों पर चर्चा शुरू हो गई है। यहां नीतीश कुमार की सरकार बरकरार रहेगी या तेजस्वी की लालटेन इतिहास रचेगी, इसे लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। ज्यादातर एग्जिट पोल के नतीजों में एनडीए की सरकार बनती दिखाई दे रही है लेकिन इससे उलट फलोदी के सट्टा बाजार के आंकड़ों ने सभी को हैरत में डाल दिया है।

**सट्टा बाजार के मुताबिक किसको कितनी सीटें?**

फलोदी के सट्टा बाजार के मार्केट रेट के मुताबिक बिहार में एनडीए को 105 से 135 सीटें मिल सकती हैं। इसी तरह से महागठबंधन को 97 से 127 सीटें मिल सकती हैं। इसी तरह से अन्य को तीन से आठ सीटें मिल सकती हैं। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को लेकर फलोदी का सट्टा बाजार कतई उत्साहित नहीं है। प्रशांत किशोर की पार्टी के लिए खाता खुलना ही किसी उपलब्धि से कम नहीं होगा। ओवैसी की पार्टी के सामने भी पिछला रिकॉर्ड दोहराने की बड़ी चुनौती होगी। फलोदी के सट्टा बाजार के मुताबिक बिहार में अभी नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव दोनों के लिए ही संभावनाओं के दरवाजे खुले हुए हैं। यहां एनडीए और महागठबंधन में से कोई भी सरकार बना सकता है। हालांकि एनडीए की सरकार बनने को लेकर 54 फ़ीसदी लोग दांव लगा रहे हैं, जबकि तेजस्वी यादव के महागठबंधन पर 46 फीसदी लोग।

**ऱाष्ठ हो सकती है सबसे बड़ी पार्टी :** फलोदी के सट्टा बाजार में लग रहे दांव को अगर आधार माना जाए तो तेजस्वी यादव का राष्ट्रीय जनता दल बिहार में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभर सकता है। तेजस्वी की आरजेडी कम से कम 75 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बन सकती है। बीजेपी इससे कुछ कम सीटें जीतकर दूसरे नंबर और नीतीश कुमार की जेडीयू 55 से 60 सीटों के आसपास रहकर तीसरे नंबर की पार्टी बन सकती है। महागठबंधन के लिए कांग्रेस कमजोर कड़ी साबित हो सकती है।




*वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषज्ञ विजय दीक्षित के अनुसार बिहार में 243 सीटों में जिसके पास 122 सीटों से ज्यादा होगी सरकार उसकी बनेगी लेकिन कुल मिलाकर इस बार पूर्ण बहुमत किसी भी की गठबंधन को नहीं दिखाई दे रहा हैं, जिससे बिहार में मिली जुली बन सकती हैं, प्रशांत किशोर तीसरे बड़े दल के रूप में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, कुल मिला कर 15-20 सीटों पर अच्छे परिणाम देखें जा सकते हैं, तेज प्रताप यादव इस बार अपनी नई पार्टी जनशक्ति जनता दल के तहत चुनाव चुनाव में उतरे हैं, इस चुनाव में 8-10 सीटों पर पार्टी के जीतने की उम्मीद कर रही है। वही तेजस्वी यादव बिहार का बड़ा चेहरा बनकर उभरेंगे।*

# लाड़ली बहना योजना अब कहलाएगी 'देवी सुभद्रा योजना'

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल** ● मध्यप्रदेश सरकार लोकप्रिय लाड़ली बहना योजना का नाम बदलने पर विचार कर रही है जानकारी के अनुसार, सरकार अब इस योजना को 'देवी सुभद्रा योजना' के नाम से लागू करने जा रही है। अधिकारियों ने नाम परिवर्तन की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली है और जल्द ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसकी औपचारिक घोषणा कर सकते हैं। यह घोषणा 12 नवंबर को सिवनी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में होने की संभावना है, जहां मुख्यमंत्री योजना की राशि भी हितग्राहियों के खातों में राशि स्थानांतरित करेंगे। इस अवसर पर लाभार्थी महिलाओं के खातों में 1250 के स्थान पर 1500 की राशि जमा की जाएगी, जिसमें 250 की अतिरिक्त बढ़ोतरी की जा रही है। इस बढ़ोतरी से वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1793 करोड़ 75 लाख रुपए के अतिरिक्त बजट की आवश्यकता होगी। पूरे वर्ष का संभावित व्यय 20,450 करोड़ 99 लाख रुपए रहेगा। मध्य प्रदेश में अभी 1.26 करोड़ लाडली बहने हैं। अभी तक लाडली बहनों को 44 हजार करोड़ रुपये की राशि दी गई है।




सफाई | विवाद पर दिल्ली-भोपाल के नरम रुख से दिग्विजय सिंह अंदरूनी रूप से नाराज

# ऑडियो कांड में चिंटू चौकसे ने दी सफाई पर नहीं मांगी माफी, जीतू पटवारी पर उठे सवाल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर कांग्रेस में शहराध्यक्ष चिंटू चौकसे के ऑडियो विवाद पर सभी पक्ष नरमी दिखा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को लेकर आपत्तिजनक शब्दों वाले इस ऑडियो पर अब मामला शांत किया जा रहा है। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ऑडियो की सत्यता पर सवाल उठाए थे। वे विवाद को ठंडा करने में लगे हैं। शिकायतकर्ता देवेंद्र सिंह यादव और चिंटू चौकसे की सुलह बैठक शोभा ओझा के घर हुई। इसके बाद चिंटू चौकसे भोपाल पहुंचे और दिग्विजय सिंह से मिलकर सफाई दी। सूत्रों के अनुसार यह मुलाकात सोमवार शाम को भोपाल में हुई। उनके साथ सबसे करीबी पार्षद राजू भदौरिया भी थे। उल्लेखनीय है कि ऑडियो में राजू भदौरिया का भी जिक्र था। दिग्विजय सिंह की तरफ से इन्हें डांटने के कारण ही मामले ने तूल पकड़ा। सिंह के बंगले पर यह मुलाकात हुई। लेकिन यह केवल कुछ मिनट चली। इस दौरान चौकसे ने सफाई दी। ऑडियो को एआई जेनरेटेड बताते हुए इसे झूठा करार दिया। साथ ही कहा कि आप जानते हैं कि मैं अपना काम ईमानदारी से करता हूं। पूरी बात सुनने के बाद सिंह ने इतना ही कहा कि ठीक है, तुम बस अपना काम करो। इसके बाद सिंह अन्य से मुलाकात के लिए चले गए और मिलने वाले चाय पीकर रवाना हो गए। इंदौर शहर में किसी राष्ट्रीय या स्थानीय नेता के आने पर यह तय होना चाहिए कि शहर से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कैसे और कहां होगी। हर आंदोलन या कार्यक्रम से पहले यह स्पष्ट होना चाहिए कि कार्रवाई किस स्तर पर और किस तरह की जाएगी।





### इस पर यह बोले थे संगठन प्रभारी

मप्र संगठन प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि जांच से पहले यह देखना जरूरी है कि ऑडियो सही है या नहीं। उन्होंने कहा, जो ऐसी रिकॉर्डिंग कर रहा है, वह कांग्रेसी नहीं है और बीजेपी का स्लीपर सेल है। उनका कहना था कि संगठन की आंतरिक बातें सार्वजनिक नहीं करनी चाहिए और पार्टी फोरम में रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी इस पर कुछ नहीं कह सकता। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस मामले पर चुप्पी साध रखी है।

## न्यूज ब्रीफ

### बिजली कार्मिकों का लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 17 से

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मालवा निमाड़ के बिजली वितरण कर्मचारियों अधिकारियों का लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 17 से 21 नवंबर तक खंडवा रोड स्थित देवी अहिल्या विवि स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन मैदान पर होगा। इसमें मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षेत्र उज्जैन की तीन, इंदौर की तीन कुल 6 टीमें भाग लेगी। प्रत्येक मैच 20 ओवर का होगा। शामिल होने वाली टीमों में रायल चेलेंजर्स, पावर वारियर्स, चैम्पियंन 11, नाइट राइडर्स, सुपर किंग्स, डेयर डिविल्स शामिल हैं।

### एसएनएपी टेस्ट रजिस्ट्रेशन 20 को होगा बंद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) ने सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूड (एसएनएपी) टेस्ट 2025 का रजिस्ट्रेशन विंडो 20 नवम्बर को बंद करने की घोषणा की है। यह एमबीए के उम्मीदवारों के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है। पांच दशकों की अकादमिक उत्कृष्टता के साथ सिम्बायोसिस उन छात्रों के लिए टॉप चॉइस है जो विश्व स्तर पर प्रासंगिक, उद्योग जगत के अनुरूप और अकादमिक रूप से दृढ़ प्रबन्धन शिक्षा पाना चाहते हैं। आवेदन के लिए अंतिम दिनांक को और आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों को अंतिम दिनांक से पहले आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लेनी चाहिए। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) का आयोजन तीन तारीखों पर होगा, यानि उम्मीदवार तीन बार तक परीक्षा दे सकते हैं। इनमें से प्रवेश प्रक्रिया के लिए सर्वश्रेष्ठ स्कोर को वैद्य माना जाएगा।

### नेक्सहस ट्रेज़र आइलैंड और इंदौर सेंट्रल लेकर आए - 'द ग्लॉजस बॉक्सव'

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इस सीज़न नेक्सकस ट्रेज़र आइलैंड और इंदौर सेंट्रल ने शहर में ग्लैमर का नया रंग घोला है। मॉल ने 'द ग्लॉ2स बॉक्सक' नाम से एक विशेष ब्यूटी शोकेस की शुरुआत की है, जो आत्म-अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का उत्सव है। यह आयोजन न सिर्फ़ सौंदर्य उत्पादों की प्रदर्शनी है, बल्कि एक ऐसा अनुभव है जहाँ हर आगंतुक खुद को निखारने और समझने का अवसर पाता है। 'द ग्लॉहस बॉक्सो' में टॉप ब्यूटी ब्रांड्स, एक्सक्लूसिव मेकओवर और पर्सनलाइज्ड ब्यूटी सेशन शामिल हैं, जो इसे हर ब्यूटी और फैशन प्रेमी के लिए एक ज़रूरी ठिकाना बना देते हैं। यहां आगंतुक नए ट्रेंड्स के बारे में जान सकते हैं, अपनी स्टाइल पसंद समझ सकते हैं और खरीदारी के साथ आकर्षक गिफ्ट्स तथा रिवार्ड्स भी पा सकते हैं। जहाँ हर रंग, हर स्टाइल और हर अभिव्यक्ति में सौंदर्य का उत्सव मनाया जाता है।

### जापान में छात्रा साइमा सोनी का नवाचार हुआ प्रशंसित



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● दिल्ली पब्लिक स्कूल, राऊ, इंदौर की कक्षा XII की प्रतिभाशाली छात्रा साइमा सोनी ने जापान में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में अपने अभिनव वैज्ञानिक प्रोजेक्ट को प्रस्तुत कर विद्यालय एवं देश का मान विश्व पटल पर ऊँचा किया है। साइमा एक एएफएसियर हैं और उन्होंने एशिया काकेहाशी कार्यक्रम के लिए 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति प्राप्त की है। वर्तमान में वह इसी प्रतिष्ठित सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत जापान में अपना अध्ययन एवं शोध कार्य पूर्ण कर रही हैं। साइमा ने हाल ही में टोक्यो विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस और एटमॉस्फियर एंड ओशन रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।

# टूटेंगे 200 साल पुराने मकान-दुकान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर के मध्य क्षेत्र में स्थित जिंसी चौराहे के आसपास की सड़कों का नए मास्टर प्लान के मुताबिक चौड़ीकरण होना है। यहां की सड़कें 79 फीट चौड़ी की जाएंगी। जिंसी चौराहे से रानी लक्ष्मीबाई प्रतिमा और नेमीनाथ चौराहे से जिंसी चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण प्रस्तावित है। हाल ही में नगर निगम ने लोगों को मकान खुद हटाने के नोटिस दिए हैं और अब लगातार विरोध बढ़ रहा है। रहवासी दोनों ही सड़कों के चौड़ीकरण का लगातार विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि सड़क की चौड़ाई में हमारे मकान और दुकानें लगभग समाप्त हो जाएंगे। नेताओं और अधिकारियों को इस पर विचार करना चाहिए। इससे हजारों लोगों का रोजगार खत्म हो जाएगा और पूरे क्षेत्र की संस्कृति का नुकसान होगा।

**लंबे समय से चल रहा विरोध प्रदर्शन**-वरिष्ठ कांग्रेस नेता कृपाशंकर शुक्ला का घर भी इसी क्षेत्र में है। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण व्यावहारिक होना चाहिए। लगभग 80 फीट सड़क चौड़ी की जा रही है। इसमें तो पूरा क्षेत्र ही बर्बाद हो जाएगा। यह कारोबार का मुख्य क्षेत्र है। पूरा बाजार ही समाप्त हो जाएगा। हमने महापौर पुष्यमित्र भार्गव और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मुलाकात की है, हमें उम्मीद है कि इसे सोच समझकर ही अमल में लाया जाएगा। गौरतलब है कि यह क्षेत्र मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के विधानसभा क्षेत्र में आता है।

**200 साल पुराने मकान बाजार, नक्शे भी पास**-इस क्षेत्र में अधिकतर मकान 100 से 200 साल पुराने हैं। सभी ने होलकरों के समय यहां की जमीनों के सौदे किए थे और बाद में नगर निगम के अस्तित्व में आने पर नक्शे पास करवाए। इसके बाद मास्टर प्लान आया और उसमें इस क्षेत्र की सड़कों के चौड़ीकरण की बात तय की गई। रहवासियों का कहना है कि हमारे घर और दुकान का एक इंच भी अवैध नहीं है। बिना मुआवजा दिए इस तरह से तोड़फोड़ करना और हमारे रोजगार खत्म करना बिल्कुल गलत है। हम इस निर्णय के खिलाफ आंदोलन करते रहेंगे।

**60 फीट के लिए रहवासी राजी**-क्षेत्र में रहने वाले अधिकतर रहवासी सड़कों को 60 फीट तक चौड़ी करने के लिए राजी हैं। दुकानदारों का भी कहना है कि इससे हमारी दुकानों का कुछ हिस्सा बच जाएगा और हमें व्यापार करने के लिए जगह मिल जाएगी। यदि पूरी दुकानें ही खत्म हो गई तो हम क्या करेंगे। हमारे पूरे परिवार इन दुकानों की आय पर ही जीवित हैं।

**ट्रैफिक का दबाव बहुत अधिक**-यह शहर के मध्य क्षेत्र में आता है इसलिए ट्रैफिक का दबाव यहां पर सबसे अधिक है। जाम की समस्या से निपटने के लिए यहां पर ट्रैफिक पुलिस के द्वारा कई बार विशेष टीमें भी लगाई जाती हैं। शाम को 6 बजे बाद बिना ट्रैफिक जाम में फंसे यहां से गाड़ी निकालना लगभग असंभव सा रहता है। नगर निगम और प्रशासन को उम्मीद है कि सड़कों के चौड़ीकरण के बाद में यहां ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिल जाएगी।

### 1835 में घर खरीदा था, आजादी के बाद निगम से नक्शा पास करवाया

रहवासी गोविंद शर्मा ने बताया कि उन्होंने 1835 में होलकर शासन में यह घर खरीदा था। उस समय होलकरों के नियमों के मुताबिक रजिस्ट्री करवाई गई थी। बाद में देश आजाद हुआ और नगर निगम बना। हमने पूरे घर का नक्शा पास करवाया। अब सड़क चौड़ीकरण में हमारी पूरी दुकानें टूट रही हैं। पहले यह सड़क 40 फीट चौड़ी होना थी, बाद में इसे 60 फीट करने का कहा गया और अब 80 फीट चौड़ीकरण का प्रस्ताव आया है। इस तरह तो हमारे व्यापार पूरी तरह खत्म हो जाएंगे।

## पटवारियों ने खोला नायब तहसीलदार के खिलाफ मोर्चा



**दैनिक इंदौर संकेत**

**देपालपुर** ● तहसील के पटवारियों ने देपालपुर अनुविभागीय अधिकारी राकेश मोहन त्रिपाठी को जिलाधीश इंदौर के नाम का ज्ञापन सौंपकर कार्यपालिक तहसीलदार नागेंद्र त्रिपाठी पर अनैतिक दबाव बनाने और झूठी शिकायतों के माध्यम से मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि तहसील परिसर में ग्राम अटाहेड़ा के पटवारी संतोष विश्वकर्मा के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इसके साथ ही ग्राम बरोदापंथ के पटवारी करण मिश्रा पर 2.5 लाख रुपये की मांग का झूठा आरोप लगाकर उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया गया। पटवारियों ने कहा कि कुछ ष्द्ध हेल्पलाइन पर शिकायतें ऐसी होती हैं जिनका पटवारी से कोई संबंध नहीं होता, फिर भी उन्हें उन शिकायतों को जबरदस्ती बंद करवाने का दबाव झेलना पड़ता है। उन्होंने मांग की पटवारियों द्वारा दिए गए प्रतिवेदन के आधार पर ही शिकायतों को फोर्स क्लोज किया जाए और असंबंधित मामलों में कोई दबाव न बनाया जाए। इसके अलावा, ज्ञापन में कहा गया कि देपालपुर तहसील में फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य बेहतर स्थिति में है, लेकिन बची हुई रजिस्ट्रियों की सूची पटवारियों को उपलब्ध नहीं कराई गई है। मृतक किसानों के नाम अब भी सूची में दिख रहे हैं, जबकि उनके स्टॉप पेमेंट पहले ही किए जा चुके हैं।

## रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा एआई-घोषाल



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● वरिष्ठ पत्रकार जयंतो घोषाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नौकरी छीनेगा यह एक गलत धारणा है। हकीकत तो यह है कि एआई की वजह से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

घोषाल आज स्टेट प्रेस क्लब, मप्र द्वारा आयोजित प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों एनडीटीवी द्वारा एक वैश्विक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से एक रोबोट ने स्टेज पर रशियन बेले डांस प्रस्तुत किया। इस रोबोट ने इंडियन राग पर भी डांस प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि यह बार-बार कहा जाता है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कारण आने वाले समय में नौकरी कम हो जाएगी। यह नौकरी खा जाएगा। यह एक गलत धारणा है। हकीकत तो यह है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि जब टीवी आया था तो लगा था कि अब प्रिंट मीडिया नहीं रहेगा। जब डिजिटल मीडिया आया था तब लगा था कि अब टीवी नहीं रहेगा। फिर जब सोशल मीडिया आया तब लगा था कि अब तो और कोई मीडिया नहीं रहेगा। इसके बावजूद सारे मीडिया मौजूद है। हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोई इंसान नहीं है बल्कि एक मशीन है। आज चैट गुप्त भी गलती करता है। इसे चलाने के लिए डाटा तो हमें ही भरना है। हमें इस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से घबराने की आवश्यकता नहीं है। इस मौके पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला से डॉ. जितेंद्र जाखेटिया, अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय से विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना जोशी, सेज विश्वविद्यालय से पत्रकारिता की विभाग अध्यक्ष डॉ. जमना मिश्रा, डायरोमा एडवर्सिटी से विभाग अध्यक्ष अभिषेक सिसोदिया ने भी संबोधित किया।

## सड़क की बदहाल स्थिति पर महापौर और विधायक ने अधिकारियों पर जताई नाराजगी



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर की सर्विस रोडों की दुर्दशा पर महापौर और विधायक ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को तुरंत सुधार करने के लिए कहा है। दरअसल, आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक रमेश मेंदोला लवकुश चौराहे से बापट चौराहे तक सड़क की बदहाल स्थिति देखने पहुंचे।

इस दौरान महापौर ने कहा कि ब्रिज बन गए पर सर्विस रोड अब तक क्यों नहीं बनी। मेट्रो अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि आप यहां 5 मिनट खड़े रहकर देखिए लोग कितने कष्ट से अरविंदो अस्पताल पहुंच रहे हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा पहले सर्विस रोड ठीक करनी चाहिए थी, लोग कैसे आएंगे-जाएंगे? जब ब्रिज बन गए तब सर्विस रोड क्यों नहीं बनी? बारिश को रुके 20 दिन हो गए, कम से कम एक किलोमीटर सड़क तो बन जानी चाहिए थी। महापौर ने सवाल उठाया कि आपके रहते यह स्थिति कैसे बनी? कौन-सी कंसल्टेंसी है जो सड़क की योजना तक नहीं बना सकी? उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अब देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जल्द सर्विस रोड ठीक की जाए।

विधायक रमेश मेंदोला ने भी कहा कि जनता की परेशानी अब और नहीं बढ़नी चाहिए, तुरंत सुधार कार्य शुरू करें। गौरतलब है कि शहर के अधिकांश हिस्सों में पेंचवर्क का कार्य पूरा हो चुका है और बाकी स्थानों पर कार्य तेजी से जारी है। महापौर द्वारा लगातार रात में निरीक्षण किए जा रहे हैं ताकि गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। पहले की नाराजगी के बाद एमपीआरडीसी ने अपनी सर्विस रोड तैयार कर दी है, जबकि पीडब्ल्यूडी ने रेती मंडी ब्रिज पर मरम्मत कार्य शुरू किया है।

## संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर 26 को इंदौर में धरना प्रदर्शन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● केंद्रीय श्रम संगठनों के संयुक्त अभियान समिति और संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर आगामी 26 नवंबर को इंदौर में किसानों और श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा हेतु धरना और प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। यह आंदोलन एमएसपी की कानूनी गारंटी, किसानों की कर्ज़ माफी, आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिजनों को उचित मुआवजा और नौकरी, किसानों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने, चार श्रम संहिता रद्द करने और पुराने श्रम कानून को बहाल करने जैसी मांगों के समर्थन में किया जा रहा है।

संयुक्त किसान मोर्चा के नेता रामस्वरूप मंत्री, बबलू जाधव, चंदन सिंह बड़वाया और शैलेंद्र पटेल ने बताया कि 26 नवंबर को दोपहर 12:00 बजे से 1:00 बजे तक संभाग आयुक्त कार्यालय पर धरना दिया जाएगा तथा ज्ञापन प्रस्तुत किया जाएगा। इस मौके पर किसानों और श्रमिकों के हितों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा।

किसानों का कहना है कि भावांतर योजना धोखा साबित हुई है और प्रदेश के लाखों किसानों तथा इंदौर के 30,000 किसानों का बकाया भुगतान अभी तक सरकार द्वारा नहीं किया गया है। मक्का और सोयाबीन समर्थन मूल्य से आधे दाम पर बिक रहे हैं, जबकि सरकार मौन साधे हुए है। केंद्र सरकार द्वारा किसानों से किए गए वायदों को पूरी तरह निभाया नहीं गया है। इस धरने में किसानों की मांग होगी कि भूमि अधिग्रहण घोड़ा रोज़ जंगली सुरों फसलों नुकसान पहुंचा रहे हैं मक्का, धान और सोयाबीन की खरीद एमएसपी पर की जाए। बैठक में अरुण चौहान, रूद्र पाल यादव और सोनू शर्मा सहित अन्य किसान नेता और ट्रेड यूनियन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## 'मस्ती का पंच' कार्यक्रम धूमधाम से मना




**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जैन सोशल ग्रुप क्राउन द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित मनोरंजन कार्यक्रम 'मस्ती का पंच' 9 नवंबर 2025 को मधुर मिलन गार्डन, पिपल्या राव बोट क्लब रोड, इंदौर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्रुप के 130 से अधिक कपल सदस्य सम्मिलित हुए और शानदार वातावरण में मस्ती, हँसी और मनोरंजन से भरी एक यादगार शाम का आनंद लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत शाम 5:30 बजे स्वागत, रजिस्ट्रेशन, फोटोग्राफी और डिनर के साथ हुई। बच्चों और बड़ों दोनों के लिए आयोजित गेम्स ने शुरुआत से ही माहौल को ऊर्जा से भर दिया। मंगलाचरण के बाद कपल गेम्स और मुख्य गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रद्युम्न सोनी द्वारा प्रस्तुत स्टैंड-अप कॉमेडी सेशन ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए और उपस्थित जनों को ठहाकों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन गौरव जैन ने प्रभावशाली और मनोरंजक शैली में किया। ग्रुप के परम् संरक्षक निलेश सोना छाबड़ा अध्यक्ष प्रवीण सोनल पहाड़िया, एवं सचिव अंकुर पिंकी पाटनी ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ ने अपनी मांगों को लेकर अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ, इंदौर जिला इकाई द्वारा पत्रकारों की वर्षों से लंबित मांगों,समस्याओं को लेकर कलेक्टर कार्यालय इंदौर पर आज दोपहर ज्ञापन सौंपा गया। पत्रकार संघ की ओर से इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा की अनुपस्थिति में अपर कलेक्टर रोशन राय को यह ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें पत्रकारों की विभिन्न ज्वलंत मांगों के समाधान की अपील की गई। ज्ञापन का वाचन अध्यक्ष मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ( इंदौर जिला इकाई) बृजेश जोशी ने किया । प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व जिला इकाई इंदौर के अध्यक्ष ब्रजेश जोशी, महासचिव कमलेश्वर सिंह सिसोदिया एवं संभागीय अध्यक्ष आलोक अकेला ने किया। इस अवसर पर अनेक पत्रकार उपस्थित रहे जिन्होंने पत्रकारों की कार्य परिस्थितियों में सुधार एवं सुविधाओं की मांग रखी, मांगो में मुख्य मांग है इस प्रकार हैं। पत्रकार सुरक्षा कानून तत्काल लागू की जाय। भोपाल के मालवीय नगर स्थित हमारे पत्रकार भवन की भूमि जिसे कमल नाथ की कांग्रेस सरकार ने हमसे छीन लिया था हमें वापस की जाय। पत्रकार पेंशन योजना श्रद्धा निधि योजना में अधिमान्यता होने की शर्त हटाई जाएं और उसे आजीवन देने का नियम बनाया जाय। मध्यप्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में पत्रकार भवन के लिए निशुल्क भूमि उपलब्ध कराई जाय।

### विद्यासागर स्कूल में तरंगोंत्सव - 2025 का आगाज

# कृष्ण की बाल लीलाओं की झांकी के साथ विज्ञान और धर्म की रुचि बच्चों में दिखाई दी




**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● विद्यासागर स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे आयोजन हमेशा से आयोजित करता आया है, जहां पर वे सभी कलाओं में पारंगत दिखाई दे। स्कूल प्रबन्धन के द्वारा इस वर्ष तरंग उत्सव के नाम हुए कार्यक्रम में भक्ति की शक्ति, विज्ञान के चमत्कार, परिवार के महत्व के साथ अन्य कार्यक्रम इस उत्सव के अंर्तगत किए गए। विद्यासागर स्कूल, इंदौर में तरंगोंत्सव - 2025 का आयोजन आमंत्रित अतिथियों, पालको और विद्यार्थियों हेतु किया गया । कार्यक्रम के अतिथि श्री सत्यनारायण पटेल, श्री मति अनीता पटेल जी का स्वागत प्राचार्या श्रीमती भावना पुजारी, तथा हेड बाय और हेड गर्ल द्वारा किया । इस अवसर पर स्कूल ने प्रथम भारतीय उपग्रह 'आर्यभट्ट' के 50वें वर्ष के उपलक्ष्य में एक प्रतीकात्मक मिनी रॉकेट लॉन्च किया। श्री सत्यनारायण पटेल ने एक रोचक बात बच्चों को बताते हुए कहा कि भारतीय उपग्रह ' आर्यभट्ट' हमारे भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री मति इंदिरा गांधी जी के कार्यकाल में यह लॉन्च हुआ था। जब भारत को मात्र 28 वर्ष ही आजादी को हुए थे। तरंगोंत्सव में दर्शकों ने सृजन केवल देखा ही नही अपितु हर अभिव्यक्ति को जिया, उसे महसूस किया। यह तरंगोंत्सव कृष्ण की बाल लीलाओं की झंकार से सजी वह पवित्र तरंग थी जिसने समय को भक्ति, विज्ञान और धर्म के संगम से नया आकार दिया। वृहद स्तर पर आयोजित इस तरंगोंत्सव में विभिन्न मनोरंजक आकर्षक खेल कूद सभी आयु वर्ग के लिए किये गये।

## रेवती हिल्स रहवासी संघ ने भी धूमधाम से मनाया अन्नकूट महोत्सव



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर, 11 नवंबर। सांवेर रोड, रेवती हिल्स अरबिंदो हॉस्पिटल क्षेत्र के रहवासियों का अन्नकूट महोत्सव अग्रवाल हिन्डोनिया पंचायत के अध्यक्ष गोपाल गोयल एवं व्यापारिक ओद्योगिक विकास बैंक के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल तथा अग्रवाल डिंडवाला समाज कसेरा बाजार के पुरुषोत्तम गर्ग के आतिथ्य एवं पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता के विशेष आतिथ्य में भगवान श्रीनाथजी को 56 भोग, श्रृंगार दर्शन एवं महाआरती के साथ उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। महिलाओं ने मनोहारी भजन प्रस्तुत कर मेहमानों को मंत्रमुग्ध बनाए रखा। महोत्सव में रेवती हिल्स के साथ अरबिंदो हॉस्पिटल एवं सांवेर रोड क्षेत्र की अन्य कॉलोनियों के अन्य समाजबंधुओं ने शामिल होकर महाप्रसादी का पुण्य लाभ उठाया। अतिथियों का स्वागत नंदकिशोर अग्रवाल ने किया।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, बुधवार 12 नवंबर 2025

## न्यूज ब्रीफ

### सनातन एकता पदयात्रा में इंदौर से बड़ी संख्या में युवा हुए सम्मिलित

**इंदौर** • दिल्ली से बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के पावन सानिध्य में निकलने वाली सनातन एकता यात्रा मे बड़ी संख्या में युवा सम्मिलित हुए। यात्रा में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय युवाओं के साथ सम्मिलित हुए। इंदौर से बड़ी संख्या में युवा सनातन एकता यात्रा में सम्मिलित होने के लिए रवाना हुए, युवा समाजसेवी अक्षत चौधरी के साथ युवाओं ने दिल्ली पहुंचकर सनातन एकता यात्रा में शामिल होकर बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के साथ पैदल यात्रा की।

### नवीन सहस्त्रकूट जिनालय, अंबिकापुरी में संत सदन का भव्य शिलान्यास

**इंदौर** • नवीन सहस्त्रकूट जिनालय परिसर में संत सदन शिलान्यास एवं पथ आवरण (मार्बल कार्य) का शुभ समारोह अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। पूरे परिसर में पथ आवरण की प्रथम शीला तथा संत सदन का शिलान्यास आदरणीय भरत-कुसुम मोदी परिवार के कर-कमलों से संपादित किया गया। कार्यक्रम के विशेष सहयोगी प्रेरणा स्त्रोत संजय पाटौदी रहे। समारोह में समाज के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें अशोक जी चौधरी, कैलाश जी वैद, हसमुख जी गांधी, प्रदीपजी बड़जात्या नकुल पाटौदी, पिंकेश टोंग्या, दिलीप जैन, नीलेश मोदी, प्रदीप बिलाला, संजय बड़जात्या, मयंक जैन, राजेश गंगवाल राजेश जैन दादू मनोज अनामिका बाकलीवाल अंबिकापुरी समाज अध्यक्ष विजेंद्र सोगानी, डॉ. अभिषेक सेठी तथा मंदिर के सभी ट्रस्टी व गणमान्य समाजबंधु सम्मिलित थे।

# प्रदेश से जुड़ा दिल्ली ब्लास्ट का कनेक्शन, जिस यूनिवर्सिटी में उमर पढ़ाता था, उसका चेयरमैन महू का रहने वाला!

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • दिल्ली धमाके का एक कनेक्शन मध्य प्रदेश के महू से जुड़ता नजर आ रहा है। ब्लास्ट का मुख्य आरोपी डॉ. उमर नबी फरीदाबाद की जिस अल फलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाता था, उसका चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी मूल रूप से महू का रहने वाला है। आतंकी गतिविधियों में पकड़ा गया डॉ. मुजम्मिल शकील भी इसी यूनिवर्सिटी में एसोसिएट प्रोफेसर रहा है। इस यूनिवर्सिटी को चलाने वाला अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट महू निवासी जवाद अहमद सिद्दीकी ने ही स्थापित किया था। वही ट्रस्ट का अध्यक्ष और यूनिवर्सिटी का कुलाधिपति भी है। फरीदाबाद में स्थित इस यूनिवर्सिटी की शुरुआत एक इंजीनियरिंग कॉलेज से हुई थी। जांच में यह भी सामने आया है कि डॉ. मुजम्मिल, उमर मोहम्मद और शाहीन शाहिद पहले फरीदाबाद के अल-फलाह अस्पताल से जुड़े हुए थे। सूत्रों के अनुसार, जवाद ने सबसे पहले अल-फलाह इन्वेस्टमेंट कंपनी के नाम से कारोबार शुरू किया था। मुनाफे के लालच में लोगों से निवेश कराया, लेकिन 2001 में आर्थिक गड़बड़ी के बाद परिवार समेत दिल्ली चला गया और वहां कॉलेज की नींव रखी, जो बाद में विश्वविद्यालय में तब्दील हुआ।

### 25 साल पहले रहता था परिवार महू में

एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी के मुताबिक, करीब 25 साल पहले जवाद का परिवार महू के कायस्थ मोहल्ले में रहता था। उसके दो भाई भी यहीं पढ़े-लिखे हैं। पिता मोहम्मद हामिद सिद्दीकी महू के शहर काजी रह चुके हैं। फिलहाल पुलिस जवाद के स्थानीय रिश्तेदारों और पुराने संपर्कों की जानकारी जुटा रही है।

### डॉक्टरों का ब्रेनवॉश करने वाला मौलवी इरफान

दिल्ली में लाल किले के पास कार में हुए ब्लास्ट के तार पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर तक पहुंच रहे हैं। भारत में आतंकी हमलों के लिए 3-4 महीनों से साजिश रची जा रही थी। इसके पीछे आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा शामिल थे। खुफिया एजेंसियों को इसके संकेत क्च्च में आतंकियों के इंटरसेप्ट कम्युनिकेशन से मिले हैं।

# प्रदेश के विद्यार्थियों को मिलेगी ए व्हीजीसी लैब की सौगात

**भोपाल (एजेंसी)** • प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को परंपरागत कोर्स के साथ-साथ रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एक अभिनव पहल की जा रही है। इसमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, धार, जबलपुर और रतलाम जिलों के 8 महाविद्यालयों में एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, ग्राफिक्स, कॉमिक्स एंड एक्सटेंडेड रियलिटी (ए व्हीजीसी) लैब स्थापित की जा रही हैं। इनमें से चार प्रयोगशालाएं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से स्थापित की जा रही हैं। जबकि चार लैब उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बनाई जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि ये लैब उन शासकीय महाविद्यालयों में स्थापित की जा रही हैं, जहां फाइन आर्ट्स विषय का अध्ययन संचालित है। ए. व्ही.जी.सी लैब के माध्यम से विद्यार्थियों को एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, ग्राफिक डिजाइनिंग और एक्सटेंडेड रियलिटी जैसे आधुनिक विषयों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा,



जिससे उन्हें रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। प्राथमिक तौर पर पहले इसे पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में प्रदेश के 8 महाविद्यालयों में प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 8 शासकीय महाविद्यालयों में ए. व्ही.जी.सी स्थापित करने में लगभग 7 करोड़ रुपये से अधिक का खर्च आएगा। इसमें प्रति लैब लगभग 90 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

### इन महाविद्यालयों में स्थापित होगी ए. व्ही.जी.सी लैब्स

- शासकीय कमलाराजे कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, ग्वालियर
- शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इंदौर
- शासकीय हमीदिया आर्ट्स एवं कॉमर्स महाविद्यालय एवं सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय भोपाल
- शासकीय माधव आर्ट्स एवं कॉमर्स महाविद्यालय, उज्जैन
- शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धार
- शासकीय एम.के.बी.आर्ट्स एवं कॉमर्स महाविद्यालय, जबलपुर
- शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम

### जीण माता 111 फीट का गजरा पहनकर पुष्प बंगले में विराजेंगी जीणमाता, मंगल पाठ चुनरी उत्सव 21 दिसंबर को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • श्री जीणमाता सेवार्थ समिति द्वारा राजीव गांधी चौराहा स्थित शुभकारज गार्डन एबी रोड पर जीणमाता महोत्सव 21 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इसमें जीणमाता का शक्ति मंगल पाठ, गजरा, चुनरी उत्सव होगा। महोत्सव में जीणमाता को मोगरे व गुलाब के फूलों से निर्मित 111 फीट का गजरा समर्पित कर पुष्प बंगले में विराजित किया जाएगा। मंगल पाठ व 51 दीपों से महाआरती भी होगी। माता को सवा लाख सितारों से सजी 111 मीटर की चुनरी भी चढ़ाई जाएगी। समिति के अध्यक्ष राजेश गर्ग (केटी) व प्रमुख संस्थापक गोपाल मित्तल शक्करवाला ने बताया कि 21 दिसंबर को होने वाले जीणमाता महोत्सव की भव्य तैयारियां जोरों शोरो पर है। आयोजन के लिए व्यवस्था समिति, उत्सव समिति, प्रशासनिक व्यवस्था समिति, प्रचार समिति, महाप्रसादी समिति सहित विभिन्न समितियों में 100 से अधिक कार्यकर्ताओं का गठन किया गया है। इसमें महिला कार्यकारणी भी बनाई गई है। महोत्सव में जीणमाता को चढ़ने वाली 111 मीटर की चुनरी सूरत में 25 कारीगरों द्वारा विगत एक महीने से बनाई जा रही है। गोपाल मित्तल शक्करवाला ने बताया कि वही कोलकाता के भजन गायक नीरज अग्रवाल द्वारा भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। 21 दिसंबर को महोत्सव की शुरुआत दोपहर 1.30 बजे से होगी, जिसमें दिनभर धार्मिक आयोजन होंगे। दोपहर में जीणधाम सीकर की आदिशक्ति मां जगदम्बा जीण भंवरों वाली का दरबार पुष्प बंगला में सजेगा। माता का मंगल पाठ किया जाएगा। सुमधुर मंगल गीतों के बीच मेहंदी उत्सव भी मनेगा। मेहंदी उत्सव में महिलाओं के लिए 2 हजार से अधिक मेहंदी के कोण कोलकाता से बुलवाए गए हैं। शाम 7.30 बजे जीण माता को छप्पन भोग अर्पण कर तांडव महाआरती होगी। महोत्सव में मालवा प्रांत सहित राजस्थान व अन्य प्रदेशों के 10 हजार से अधिक जीणमाता भक्त शामिल होंगे।

### गीता भवन सत्संग समिति के सदस्य जेपी फड़िया का निधन

**इंदौर** • गीता भवन सत्संग समिति के सदस्य और गुजराती समाज के सेवाभावी, सेवानिवृत्त इंजीनियर जे पी फड़िया (80) का आकस्मिक निधन हो गया। वे डॉ. प्रतीक्षा त्रिवेदी (अमेरिका), इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टेड एकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया की सेंट्रल काउंसिल की सदस्य सीए श्रीमती केमिशा सोनी एवं आशीष फड़िया के पिताश्री थे। गीता भवन सत्संग समिति से वे पिछले कई वर्षों से जुड़े हुए थे। मेडिकल कॉलेज के पास स्थित माँ आनंदमयी आश्रम में भी वे ट्रस्टी रहे। गीता भवन आने वाले लगभग सभी प्रमुख संतों से उनका आत्मीय संबंध रहा। गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम एरन, मंत्री रामविलास राठी, मनोहर बाहेती एवं ट्रस्ट मंडल के अन्य सदस्यों ने आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सेवा कार्यों को याद किया।

## शहर के भंडारी ब्रिज और डोर-टू-डोर मदिरा वितरण पर विभाग की प्रभावी कार्यवाही



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर आबकारी विभाग द्वारा मंगलवार को अवैध मदिरा परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही की गई है। सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि शहर के पलासिया वृत्त और नावदापंथ क्षेत्र में मंगलवार को विभाग के अमले द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 172900 रुपये की मदिरा सहित वाहन जप्त किये गए। मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा-34(1) क के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए गए है।सहायक जिला आबकारी अधिकारी राघवेंद्र सिंह कुशवाह के नेतृत्व में पलासिया वृत्त प्रभारी प्रियंका रानी के दल ने भंडारी ब्रिज और डोर-टू-डोर मदिरा सप्लाई के विरुद्ध कार्यवाही को अंजाम दिया है।इस कार्यवाही में दोपहिया वाहन स्कूटर एमपी-09-डीएफ-3956 से 24 बोतल विदेशी मदिरा बरामद की गई। मदिरा वाहन के साथ रोहित मुकुंद पंवार के विरुद्ध प्रकरण बनाया गया है। इस प्रकरण में वाहन व मदिरा का बाजार मूल्य 123400 रुपये बताया गया है। डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को नावदापंथ क्षेत्र में कार्यवाही में टीवीएस स्पोर्ट्स से 45 पाव देशी मदिरा जितेंद्र केशरसिंह ठाकुर के दोपहिया वाहन क्रमांक एमपी-09-क्यूसी-4539 से जप्त की गई है। इस कार्यवाही में वाहन और मदिरा का बाजार मूल्य 45900 बताई गई है। कार्यवाही में शामिल दल में वृत प्रभारी जया मुजाल्दे, आबकारी आरक्षक उस्मान मिर्जा,राहुल जामोद थे।

## गर्लफ्रेंड पर कमेंट की सजा मौत, 6 घंटों के अंदर दबोचे पुलिस ने हत्याकांड के आरोपी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर के खजराना थाना क्षेत्र में हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र छह घंटे में ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि हत्या का कारण आरोपी की गर्लफ्रेंड पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी थी, जिसके चलते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने मिलकर युवक की जान ले ली। मृतक की पहचान हर्ष के रूप में हुई थी, जो अपने दोस्त पीयूष के साथ शहर में नौकरी के इंटरव्यू देने आया था। इंटरव्यू के बाद दोनों एक चाय की दुकान पर पहुंचे, तभी चार युवक वहां आए और हर्ष पर अचानक हमला कर दिया, हमले में हर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की है। खजराना थाना पुलिस ने आरोपियों ऋषभ, विजेंद्र, आदित्य और रितुल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, चारों ने पहले से योजना बनाकर हर्ष की हत्या की साजिश रची थी, जांच में सामने आया कि मृतक हर्ष रतलाम का रहने वाला था, जबकि आरोपी जबलपुर से इंदौर में काम की तलाश में आए थे दोनों पक्षों के बीच पहले सोशल मीडिया पर बहस हुई थी।

## सेवा और पुण्य के साथ मन में भक्ति का भी उदय होना चाहिए - पं. प्रभुजी नागर



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • जीवन में यदि 20 वर्ष की उम्र तक बुद्धि नहीं आती तो माता-पिता की नजरों में, 30 वर्ष में धन नहीं कमाना शुरू किया तो समाज की नजरों में और 60 वर्ष की आयु में पुण्य नहीं कमाया तो भगवन की नजरों में गिर जाएँगे। आजकल 60 वर्ष की उम्र वाले धनाढ्य लोग बड़ी-बड़ी होटलों में लाखों रुपए खर्च कर पार्टी मनाते हैं। उनकी कमाई का पैसा वे जहाँ कहीं खर्च करें उनकी मर्जी लेकिन यह भी याद रखें कि आपके जीवन पर भगवान का भी अधिकार है। यदि अपने धन का कुछ हिस्सा हम भागवत, गौसेवा, कन्याओं को भोजन और दान-पुण्य में खर्च करें तो यह भी सेवा का ही कार्य होगा लेकिन ध्यान रखें कि सेवा और पुण्य के साथ हमारे मन में भक्ति का भी उदय होना चाहिए। आजकल सरकारी अधिकारीयों के बारे में रोज सुनने को मिलता है कि पैसा मांगकर काम करते हैं और रंगे हाथों पकड़े भी जाते हैं। यदि सही में ऊपर से नीचे तक हमको भ्रष्टाचार का खात्मा करना ही है तो पत्नी और बच्चों को उनसे कहना पड़ेगा कि हमें चिकनी-चुपड़ी रोटी के बजाय ईमानदारी के धन की सूखी रोटी ही चाहिए, उसी दिन सूर्यास्त के पहले भ्रष्टाचार खत्म हो जाएगा। माता-पिता की चरण सेवा कर लेंगे तो गिरिराज परिक्रमा पूरी हो जाएगी। माता-पिता की सेवा ही लक्ष्मीनारायण की सेवा है।

ये दिव्य और प्रेरक विचार हैं मालव माटी के सपूत, माँ सरस्वती के वरद पुत्र और प्रदेश में 200 से अधिक गौशालाओं के संचालक संत कमलकिशोर नागर के सुपुत्र तथा प्रख्यात भागवत मर्मज्ञ संत प्रभुजी नागर ने मंगलवार को अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ के दौरान कृष्ण रुक्मणी विवाह, गोपीगीत एवं भागवत से जुड़े विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या के दौरान उपस्थित जन सैलाब को आशीर्वचन देते हुए व्यक्त किए।

## मल्हारगंज पुलिस ने संदिग्धों पर कसा शिकंजा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस आयुक्त संतोष सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह तथा डीसीपी जोन-1 कृष्ण लालचंदानी के निर्देश पर मल्हारगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एडीसीपी जोन-1 और एसीपी विवेक चौहान के नेतृत्व में थाना प्रभारी वेदेंद्र सिंह कुशवाह व टीम ने मंगलवार को क्षेत्र के होटल, लॉज, धर्मशालाओं, पार्किंग स्थलों और संदिग्ध ठिकानों की जांच की। पुलिस टीम ने ड्रोन कैमरे की मदद से उन इलाकों की निगरानी की जहाँ आपराधिक प्रवृत्ति के लोग अक्सर जमा होकर नशाखोरी जैसी गतिविधियाँ करते हैं।

## लिली डावर को पूर्व संभागायुक्त दीपक सिंह,आईएएस ने प्रशंसा पत्र प्रदान किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • पूर्व संभागायुक्त ,संभाग इंदौर , अहिल्या पुस्तकालय समिति के अध्यक्ष एवं वर्तमान में भोपाल में पदस्थ मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव श्री दीपक सिंह जी ने पुस्तकालय प्रमुख डॉ लिली संजय डावर को उनके कार्यकाल में किए उत्कृष्ट कार्यों हेतु प्रशंसा पत्र प्रदान किया। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग,भोपाल के अर्धशासकीय पत्र के द्वारा प्रदान किए गए 'प्रशंसा पत्र' में उनके कार्यकाल में पुस्तकालय में हुए विभिन्न रचनात्मक ,नवाचारी गतिविधियों, आयोजनों एवं अभियानों की सराहना की और पुस्तकालय में चल रहे प्रकल्पों को इंदौर का गर्व बताते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। लिली डावर ने कहा कि ये प्रशंसा पत्र मेरे और पूरे पुस्तकालय परिवार के लिए गर्व ,सम्मान और खुशी का दस्तावेज है,ये माननीय दीपक सिंह सर का मुखिया के रूप में हमें मिला आशीर्वाद है,जिससे हमें कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी और हमारा आगामी कर्म पथ उज्ज्वल होगा।

## वीरांगना झलकारी के नाम पर चौराहे का नामकरण होना गौरव की बात, अब प्रतिमा के लिए ताकत दिखाने का समय है - सनोटिया



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • अन्नपूर्णा रोड़ स्थित दरगाह चौराहे का नामकरण वीरांगना झलकारी के नाम पर होना समूचे कोली/कोरी समाज के लिए गौरव की बात है, अब हमें झलकारी प्रतिमा के लिए ताकत दिखाने का समय है, अब इसके लिए हमें 22 नवम्बर को झलकारी जयंती पर समाज की ताकत दिखाने की आवश्यकता है। हम प्रतिकात्मक झलकारी प्रतिमा लगाकर शक्ति प्रदर्शन भी करें।

उक्त विचार श्री महावर विचार मंच के तत्वावधान में महावर कोली समाज के प्रबुद्धजनों की बैठक में अखिल भारतीय वीरांगना झलकारी महासंघ के मालवा प्रांताध्यक्ष ईश्वर लाल सनोटिया ने व्यक्त करते हुए कहा कि वीरांगना झलकारी की प्रतिमा के दृढ़संकल्पित महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश जी के अथक प्रयास से ही वीरांगना झलकारी के नाम पर दरगाह चौराहे का नामकरण महापौर पुष्यमित्र भार्गव जी ने किया है। यह हम सब के लिए गर्व की बात है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए महावर विचार मंच कि संयोजक नंदराम मेहर ने कहा कि हम पहला कार्यक्रम 22 नवम्बर को झलकारी जयंती एवं दूसरा 22 फरवरी को राष्ट्रीय स्तर पर युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित कर रहे हैं, इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है, हमें 22 नवम्बर को झलकारी जयंती कार्यक्रम में पूरी ताकत झोंकना है, हमने अगर अपनी संगठन शक्ति का परिचय दिया तो शासन-प्रशासन को यहां झलकारी प्रतिमा लगाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## पलक का गिनीज बुक में नाम दर्ज, करवाई 3800 से ज्यादा बच्चों के दिल की सर्जरी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** •सिंगर पलक मुच्छल अपनी बेहतरीन गायकी के साथ-साथ समाज सेवा को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। इंदौर में जन्मी और अपनी दिलकश आवाज़ और मधुर संगीत के लिए मशहूर गायिका पलक ने अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बना ली है। पलक पलाश चैरिटेबल फाउंडेशन के जरिए 3800 से ज्यादा बच्चों की हार्ट सर्जरी करवा चुकी हैं। पलक बचपन में एक रेल जर्नी के दौरान वंचित बच्चों से मिली थीं। उस एक पल ने उनकी जिंदगी को बड़ा मकसद दे दिया। उस दिन उन्होंने मन ही मन खुद से एक वादा किया, 'मैं किसी दिन उनकी मदद ज़रूर करूंगी।' सालों बाद यही वादा उनकी संस्था के पीछे की प्रेरणा बन गया, जो म्यूजिक इवेंट की कमाई और अपनी बचत को जीवन रक्षक चिकित्सा कार्यों में लगाती हैं।पलक ने वर्षों से कारगिल शहीदों के परिवारों की मदद की है और गुजरात भूकंप पीड़ितों की राहत के लिए 10 लाख रुपये का योगदान दिया है। सामाजिक कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सहानुभूति में गहरी है और निरंतर कार्यों से प्रेरित है।



## सम्पादकीय

### तकनीकी खामी की वजह से 800 से अधिक उड़ानों में हुआ विलंब, साइबर हमले की थी आशंका

दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से प्रतिदिन 1,500 से अधिक उड़ानों का संचालन होता है। यह तथ्य भी सामने आया है कि इस हवाई अड्डे पर दो दिनों से हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में रुक-रुक कर तकनीकी समस्याएं आ रही थीं और शुक्रवार सुबह यह प्रणाली लगभग ठप पड़ गई। प्रोद्योगिकी के इस दौर में आज अधिकतर कार्य तकनीक के जरिए होने लगे हैं। घरों की साफ-सफाई से लेकर दफ्तर के कार्यों में मशीनों की मदद ली जा रही है। यानी हम तकनीक पर इतने ज्यादा निर्भर हो गए हैं कि उसमें जरा-सी खराबी आने पर सारी व्यवस्था ठप पड़ जाती है। इसमें दोराय नहीं कि तकनीक का इस्तेमाल आज के समय की जरूरत है, लेकिन सुरक्षात्मक और वैकल्पिक उपायों का होना भी बेहद जरूरी है, नहीं तो दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार को जो स्थिति उत्पन्न हुई, उस तरह का संकट पैदा होना स्वाभाविक है। गौरतलब है कि तकनीकी खामी के कारण यहां आठ सौ से अधिक घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में विलंब हुआ और कुछ उड़ानें रद्द कर दी गईं, जिससे यात्रियों को खासी परेशानी हुई। प्रभावित उड़ानों में आगमन और प्रस्थान दोनों शामिल थीं। शुरू में इसे साइबर हमले से जोड़कर देखा जा रहा था, मगर बाद में सरकार और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि 'आटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम' (एएमएसएस) में तकनीकी गड़बड़ी की वजह से यह समस्या उत्पन्न हुई। सवाल है कि ऐसी स्थिति से निपटने के लिए हवाई अड्डे पर पहले से माकूल वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई थी? दरअसल, एएमएसएस वह प्रणाली है, जिससे हवाई यातायात नियंत्रित होता है। इसमें किसी भी तरह की तकनीकी खराबी आने से उड़ानों की आवाजाही प्रभावित होना तय है। इससे न केवल विमान यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ती है, बल्कि हवा में उड़ रहे विमानों के लिए भी जोखिम की स्थिति पैदा हो सकती है। दिल्ली हवाई अड्डे पर इस तकनीकी खामी के कारण विमानों की उड़ान में पचास मिनट से एक घंटे तक की देरी हुई। इस कारण बोर्डिंग गेट के पास यात्रियों की लंबी कतारें लग गईं। हवाई अड्डे पर यात्रियों को उनकी उड़ान के पुनर्निधारित समय की सूचना देने की उचित व्यवस्था का अभाव भी साफ नजर आया।

# पर्यावरण सुरक्षा अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है- एनसीआर के प्रदूषण संकट से पूरी दुनिया को सीखने की जरूरत

वैश्विक स्तरपर भारत की राजधानी दिल्ली, जो कभी सभ्यता, संस्कृति और शक्ति का प्रतीक मानी जाती थी,आज 'सांस लेने के अधिकार' के संकट से जूझ रही है। नवंबर 2025 के दूसरे सप्ताह में जब पूरा उत्तर भारत दीपावली के बाद की धुंध में लिपटा हुआ था, तब दिल्ली- एनसीआर की हवा एक बार फिर जहरीली हो गई। मंगलवार दिनांक 11 नवंबर 2025 को सुबह 9 वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 425 तक पहुंच गया,यानी 'गंभीर' श्रेणी, जो न केवल मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि प्रकृति और शहरी जीवन की स्थिरता के लिए भी एक भयावह संकेत है।10 नवंबर 2025 को जहां एक्यूआई 362 दर्ज किया गया था, वहीं 11 नवंबर 2025 को यह आंकड़ा 425 पर पहुंच गया। इस खतरनाक स्थिति को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने तुरंत ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के तीसरे चरण को लागू करने का निर्णय लिया।भारत की राजधानी दिल्ली और उसके आसपास का एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) आज विश्व के सबसे प्रदूषित क्षेत्रों में शुमार हो चुका है। हवा में घुला जहर अब केवल एक शहर या प्रदेश की समस्या नहीं रहा, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय चेतावनी बन चुका है कि यदि दुनिया ने अब भी पर्यावरण सुरक्षा के नियमों का पालन नहीं किया, तो सांस लेने के लिए स्वच्छ हवा भी विलासिता बन जाएगी। दिल्ली की वायु गुणवत्ता जब गंभीर स्तर से ऊपर जाती है, तो वह मानव अस्तित्व के लिए एक खतरे की घंटी बजाती है। यही वजह है कि पर्यावरण सुरक्षा अब केवल स्थानीय प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की साझा जिम्मेदारी बन गई है। दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर हर साल सर्दियों में भयावह रूप लेता है। खेतों में पराली जलाना, वाहनों से निकलता धुआं, उद्योगों का उत्सर्जन, निर्माण स्थलों की धूल और पटाखों का धुआं,ये सभी मिलकर हवा को जहरीला बना देते हैं। इस वर्ष भी नवंबर की शुरुआत में वायु गुणवत्ता सूचकांक 425 के पार पहुंच गया, जो 'गंभीर' श्रेणी से भी ऊपर है। ऐसे में अस्पतालों में सांस, आंख और त्वचा की बीमारियों के मामले बढ़ने लगे हैं। यही वह स्थिति है जिसमें सरकार को 'ग्रेप-3' लागू करना पड़ा, जिसके तहत निर्माण गतिविधियों डीजल जनरेटर और भारी वाहनों के संचालन पर रोक लगाई गई। लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल आपात कदमों से समाधान संभव है? चूँकि दिल्ली- एनसीआर में वायु संकट-जब हवा बनी जहर- ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान चरण-3 की सख्ती और राष्ट्रीय चेतावनी का संदेश जारी कर दिया गया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे पर्यावरण सुरक्षा अब विकल्प नहीं,अनिवार्यता है- दिल्ली।



साथियों बात अगर हम एनसीआर के प्रदूषण संकट से पूरी दुनियाँ को सीखने की जरूरत को समझने की करें तो प्रदूषण केवल स्थानीय नहीं, वैश्विक चुनौती हैआज का पर्यावरण संकट सीमाओं से परे जा चुका है। जब दिल्ली में हवा जहरीली होती है, तो उसका असर हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और पंजाब तक पहुंचता है। इसी तरह, जब चीन में स्मॉग बढ़ता है या यूरोप में औद्योगिक गैसें फैलती हैं, तो उनका प्रभाव वैश्विक तापमान पर पड़ता है। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और ओज़ोन परत की क्षति ऐसी समस्याएँ हैं जो देशों की सीमाओं को नहीं मानतीं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र ने 'पेरिस जलवायु समझौते' और 'सतत विकास लक्ष्य' के माध्यम से विश्व समुदाय को एक साझा मिशन पर जोड़ा है,जिसका उद्देश्य है 2050 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करना हैं,भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक देश है, फ़िर भी दिल्ली-एनसीआर की हवा एक बार फिर जहरीली हो गई। मंगलवार दिनांक 11 नवंबर 2025 को सुबह 9 वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 425 तक पहुंच गया,यानी 'गंभीर' श्रेणी, जो न केवल मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि प्रकृति और शहरी जीवन की स्थिरता के लिए भी एक भयावह संकेत है,परंतु यह भी सच है कि भारत ने विकासशील देशों में सबसे तेजी से हरित ऊर्जा की दिशा में कदम बढ़ाए हैं।भारतीय पीएम द्वारा आरंभ किया गया 'राष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा मिशन', 'राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन', 'स्वच्छ भारत अभियान' और 'राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम' ऐसे प्रयास हैं जो भारत को पर्यावरण- अनुकूल विकास की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं। 2070 तक भारत के 'नेट ज़ीरो' लक्ष्य की घोषणा इस दिशा में ऐतिहासिक है। परंतु दिल्ली- एनसीआर जैसे उदाहरण यह दिखाते हैं कि नीतियां तभी सफल होंगी जब स्थानीय प्रशासन,उद्योग और नागरिक, तीनों मिलकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं।समाधान और आगे का रास्ता- जब नीति को नागरिक की जिम्मेदारी बनना होगा,वायु प्रदूषण केवल प्रशासनिक चुनौती नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रश्न है।ग्राप जैसे आपातकालीन उपाय अस्थायी राहत दे सकते हैं, पर स्थायी समाधान तभी संभव है जब:(1) स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार हो। (2)पराली प्रबंधन के लिए किसानों को व्यवहारिक विकल्प मिलें (3) सार्वजनिक परिवहन सशक्त और सस्ता बने।(4) इलेक्ट्रिक वाहनों को तेज़ी से अपनाया जाए।(5) शहरी हरियाली और वृक्षारोपण को मिशन मोड में बढ़ाया जाए।(6) नागरिक स्वयं अपने स्तर पर प्रदूषण घटाने की पहलज़रूर करें।

साथियों बात अगर हम प्राकृतिक संसाधनों का दोहन और असंतुलन का खतरा को समझने की करें तो धरती का संतुलन तभी संभव है जब जल, वायु, भूमि और वन एक-दूसरे के साथ सामंजस्य में रहें। लेकिन बढ़ती आबादी, अनियंत्रित औद्योगिकीकरण और शहरीकरण ने इस संतुलन को गंभीर रूप से बिगाड़ दिया है। जंगलों की कटाई ने प्राकृतिक वायु-शोधन प्रणाली को कमजोर कर दिया है, जबकि सीमेंट और डामर के जंगलों ने हरियाली को निगल लिया है। भूजल का अत्यधिक दोहन, नदियों में प्रदूषण और प्लास्टिक कचरे का ढेर आज उस बिंदु पर पहुंच चुका है जहां प्रकृति प्रतिशोध लेने लगी है,कहीं बाढ़, कहीं सूखा, कहीं जहरीली हवा और कहीं घटते पेयजल स्तर के रूप में।विश्व समुदाय को साझा जवाबदेही निभानी होगीप्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अब केवल नीतियों की घोषणा पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके क्रियान्वयन में सख्ती जरूरी है। विकसित देशों को अपने ऐतिहासिक उत्सर्जन की जिम्मेदारी लेनी होगी और विकासशील देशों कोतकनीकी सहायता व वित्तीय सहयोग देना होगा। ग्रीन क्लाइमेट फंड को और प्रभावी बनाना होगा ताकि भारत जैसे देशों को स्वच्छ ऊर्जा अपनाने में मदद मिल सके। वहीं, विकासशील देशों को भी 'कार्बन-न्यूट्रल' नीतियों को अपने विकास मॉडल में शामिल करना चाहिए।

साथियों बात अगर हम जन सहभागिता ही असली पर्यावरण रक्षा है इसको समझने की करें तो सरकारें नीतियां बना सकती हैं, कानून लागू कर सकती हैं, परंतु पर्यावरण संरक्षण तब तक संभव नहीं जब तक नागरिक स्वयं अपनी जीवनशैली में बदलाव न लाएँ। निजी वाहनों की जगह सार्वजनिक परिवहन का उपयोग,पेड़ लगाना प्लास्टिक से परहेज, बिजली की बचत, और अपशिष्ट का उचित निपटान,ये छोटे कदम मिलकर बड़े परिवर्तन ला सकते हैं। आज के दौर में हर व्यक्ति 'ग्रीन सिटिजन' बन सकता है। स्कूलों और कॉलेजों में पर्यावरण शिक्षा को केवल एक विषय नहीं बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनाया जाना चाहिए।तकनीक और नवाचार से मिल सकता है समाधान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सैटेलाइट मॉनिटरिंग, स्मार्ट सिटी मॉडल और हरित प्रौद्योगिकी प्रदूषण नियंत्रण में नई दिशा दे सकते हैं। उदाहरण के लिए, स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम वाहनों की भीड़ कम कर सकता है, जबकि ड्रोन्स से प्रदूषण उत्सर्जन की निगरानी संभव है। दिल्ली जैसे शहरों में 'स्मॉग टावर' और 'ग्रीन वॉल' प्रयोग के तौर पर लगाए गए हैं, पर इन्हें केवल प्रतीक नहीं, बल्कि नीति का अंग बनाना होगा।

साथियों बात अगर हम भारत में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान क़ो चार चरणों में विभाजित किया गया है व अभी 11 नवंबर से चरण-3 लागू किया गया है इसको समझने की करें, चरण- (1)मॉडरेट टू पुअर एक्यूआई 201- 300)(2)चरण-2 (वेरी पुअर, एक्यूआई 301-400)(3) चरण- 3 (सीवियर, एक्यूआई 401-450)(4)चरण-4 (सीवियर प्लस, एक्यूआई >450) 11 नवंबर 2025 को सुबह 9 के बाद 2025 में एक्यूआई 425 तक पहुंचने के बाद, दिल्ली-एनसीआर में तीसरे चरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई,यानी ग्रेप-ढ्ढढ्ढढ्ढ लागू हो गया।ग्राप द्यद्यद्यका तीसरा चरण तब लागू होता है जब वायु गुणवत्ता गंभीर स्तर तक पहुंच जाए,अर्थात एक्यूआई 401 से ऊपर। इस स्थिति में प्रशासन को ऐसे आपातकालीन कदम उठाने होते हैं जो वायु प्रदूषण के सभी प्रमुख स्रोतों को अस्थायी रूप से रोक दें या सीमित कर दें।चरण-3 में प्रमुख प्रतिबंध और उपाय इस प्रकार हैं-(1)निर्माण गतिविधियों पर पूर्ण या आंशिक प्रतिबंध: दिल्ली,नोएडा,गुरुग्राम,गाज़ियाबाद और फरीदाबाद में सभी बड़े निर्माण कार्य,जैसे सड़क, पुल, मेट्रो, वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स आदि,पर रोक लगा दी जाती है।केवल आवश्यक सार्वजनिक परियोजनाएं (जैसे अस्पताल, रेलवे,मेट्रो सुरक्षा परियोजनाएं) को ही अनुमति होती है।रियल एस्टेट और निजी बिल्डिंग निर्माण गतिविधियां बंद रहती हैं।(2)ईंट भट्ठों, हॉट मिक्स प्लांट और स्टोन क्रशर यूनिट्स का संचालन बंद-सभी स्टोन क्रशर यूनिट्स और हॉट मिक्स प्लांट बंद कर दिए जाते हैं ताकि धूल और सूक्ष्म कणों का उत्सर्जन रोका जा सके।(3)वाहनों की निगरानी और प्रतिबंध:पुराने डीज़ल वाहनों (10 वर्ष से पुराने) और पेट्रोल वाहनों (15 वर्ष से पुराने) का संचालन प्रतिबंधित हो जाता है।दिल्ली में बीएस-ढ्ढढ्ढढ्ढ पेट्रोल और बीएस -ढ्ढङ्क डीज़ल वाहनों की एंट्री बंद हो जाती है सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहन देने और कारपूलिंग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए जाते हैं।(4) औद्योगिक इकाइयों पर नियंत्रण:केवल स्वीकृत ईंधन से चलने वाली औद्योगिक इकाइयों को संचालन की अनुमति रहती है।अन्य सभी इकाइयां, जो कोयला, डीज़ल, या गैर-मानक ईंधन का प्रयोग करती हैं, उन्हें तत्काल बंद करने के आदेश जारी होते हैं। -**संकलनकर्ता लेखक - किशन सनमुखदास भावनानी,** गोंदिया

## आंचलिक

### बिरसा मुंडा जयंती पर गौरव यात्रा शुरू, आश्रम छात्रावासों का भूमिपूजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगौन** • खरगोन में मंगलवार को बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव यात्रा का शुभारंभ हुआ। इस जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। यह यात्रा जिले में चार दिनों तक भ्रमण करेगी। यात्रा का शुभारंभ दोपहर 12 बजे विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने किया। इस दौरान कलेक्टर भव्या मित्तल, जनजाति विभाग के अधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। खरगोन में अधीक्षक आवासगृह निर्माण के साथ-साथ आदिवासी सीनियर कन्या और सीनियर उत्कृष्ट कन्या छात्रावासों का भी भूमिपूजन किया गया। पहले दिन यात्रा खरगोन से शुरू होकर कसरावद पहुंची। इसके बाद मंडलेश्वर से होते हुए महेश्वर के लिए प्रस्थान किया। यात्रा का मुख्य उद्देश्य विभिन्न आश्रम विद्यालयों और कन्या छात्रावासों का भूमिपूजन करना है। यात्रा का



समापन 15 नवंबर को जिला मुख्यालय पर होगा। यात्रा के दूसरे पड़ाव में बुधवार को यह पिपल्या बुजुर्ग से शुरू होकर बड़वाह, सनावद और गोगावां होते हुए भीकनगांव पहुंचेगी। गुरुवार को यात्रा भीकनगांव, झिरन्या और बिस्टान में नगर भ्रमण और भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसके बाद रात्रि प्रवास भगवानपुरा में होगा। अंतिम पड़ाव में शुक्रवार को यात्रा भगवानपुरा और सेगांव में रथयात्रा, सभा और भूमिपूजन कार्यक्रमों में शामिल होगी। इसके बाद यात्रा खरगोन वापस लौटेगी।

### डायरिया पर काबू, अब नहीं बढ़ रहे मरीज:चार दिनों में 160 भर्ती

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • डायरिया का प्रकोप अब नियंत्रण में है। 8 नवंबर से शहर के पांच वार्डों में फैले डायरिया के कारण अब तक जिला अस्पताल में 160 से अधिक मरीज भर्ती हुए हैं, जिनमें से 50 से अधिक स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं। मंगलवार को इंदौर से संयुक्त संचालक डॉ. सोनिया निगरानी के लिए बुरहानपुर पहुंचीं। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन के साथ एक समीक्षा बैठक की। खंडवा मेडिकल कॉलेज से आई एक टीम भी मरीजों का उपचार कर रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रभावित वार्डों का दौरा कर पानी के नमूने एकत्र किए हैं। इन नमूनों को जांच के लिए इंदौर स्थित प्रयोगशाला भेजा गया है। विभाग के अनुसार, मरीजों की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। बुरहानपुर जिला अस्पताल के सहायक प्रबंधक धीरज चौहान ने बताया कि 8 नवंबर से डायरिया के मरीज आने शुरू हुए थे, लेकिन अब इनकी संख्या काफी कम हो गई है। मेडिकल वार्ड में भर्ती 40 मरीजों में से 15 डायरिया से संबंधित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मंगलवार दोपहर तक 16 मरीज डिस्चार्ज हो चुके हैं, जो उपचार में तेजी और सुधार को दर्शाता है।

### 5वां जनजातीय गौरव दिवस, 15 नवंबर तक होंगे कार्यक्रम, 4 दिवसीय रथ यात्राएं शुरू

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर पांचवां जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। इसके तहत जिले में 15 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 11 से 14 नवंबर तक जनजातीय रथ यात्राएं निकाली जा रही हैं, जिनकी शुरुआत मंगलवार, 11 नवंबर को हो गई है। मुख्य समारोह 15 नवंबर को खकनार में होगा। मंगलवार, 11 नवंबर को जिले के ग्राम डाभियाखेड़ा से एक रथ यात्रा निकाली गई, जिसमें नेपानगर विधायक मंजू दादू शामिल हुईं। इससे पहले जनजातीय कार्य विभाग द्वारा छात्रावासों, आश्रमों और शालाओं में चित्रकला व क्विज प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई थीं। इस अवसर पर विधायक मंजू दादू ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर पूरे भारत में जनजातीय यात्राएं निकाली जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इन यात्राओं का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर बच्चे को इस महानायक के बलिदान और जीवन के बारे में याद रहे।

डाभियाखेड़ा से शुरू हुई यह रथ यात्रा नावरा, गोराड़िया, दूधिया, दर्यापुर, कानापुर और टेंभी होते हुए



खकनार पहुंचेगी। विधायक दादू ने बताया कि आज डाभियाखेड़ा से निकली यात्रा का समापन खकनार में होगा। इसी क्रम में 12 नवंबर को रथ यात्रा शेखपुरा से दाहिंदा, देड़तलाई, धार बेलथड़, पिपलपानी, रायतलाई, तुकईथड़, मांजरोदकला और टेंभी होते हुए खकन ार पहुंचेगी। 13 नवंबर को नेपानगर से अंबाड़ा, हिंगना, सारोला, टिटगांवकला, टिटगांवखुर्द, बड़गांव माफी, सिंधखेड़ा कला, सिरपुर, तलावड़ी, बलवाड़ा, डोईफोड़िया, कारखेड़ा और धाबा होते हुए खकनार जाएगी। 14 नवंबर को बोदरली से बड़झिरी, घनश्यामपुरा, हसीनाबाद, लोखंडिया, मातापुर, डोईफोड़िया, कारखेड़ा और धाबा होते हुए यह यात्रा खकनार में संपन्न होगी।

### मंदिर के ताले कटर से तोड़े, सीसीटीवी में दिखे 2 संदिग्ध, 7 हजार कैश चोरी का अनुमान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगौन** • चित्तौडगढ़-भुसावल हाइवे से लगे जामली-पिपरखेड़ा स्थित पंचमुखी बालाजी हनुमान मंदिर और खाटू श्याम मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया है। बीती सोमवार रात करीब 1:40 बजे दो नकाबपोश बदमाशों ने इलेक्ट्रिक कटर से ताले तोड़े और मंदिर में रखी दानपेटियां चुरा लीं। चोरी की यह पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। चोरों ने दानपेटियों से नकदी निकालकर उन्हें पास के खेत में फेंक दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें दो नकाबपोश संदिग्ध कैद हुए हैं।

फुटेज के अनुसार, रात करीब 1.40 बजे दो बदमाश इलेक्ट्रिक कटर मशीन की मदद से मंदिर के गर्भगृह के दरवाजे का ताला काटते हुए और दानपेटियां चुराकर ले जाते हुए दिखाई दिए। मंदिर समिति के राहुल सोनी ने बताया कि चोर इतने शातिर थे कि उन्होंने हाथों में ग्लब्ज पहने थे और चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था। ताला काटने के बाद चोरों ने मंदिर में रखी दानपेटियां चुराईं।

#### सुबह खेत में मिलीं खाली दानपेटियां

सुबह जब श्रद्धालु मंदिर पहुंचे, तब उन्हें इस चोरी का पता चला। मंदिर परिसर में हनुमानजी के साथ खाटू श्याम का मंदिर भी अलग से बना हुआ है। चोरों ने दानपेटियों से नकदी निकालकर उन्हें पास के खेत में फेंक दिया। मंदिर से कुछ दूरी पर खाली और टूटी-फूटी दानपेटियां मिलीं। राहुल सोनी के अनुसार, दानपेटियां हर 15 दिन में, यानी एकादशी पर खोली जाती थीं। अनुमान है कि चोरों ने लगभग 6 से 7 हजार रुपये की नकदी चुराई है।

#### हादसों को रोकने के लिए बना था मंदिर

ग्रामीणों ने बताया कि यह मंदिर हाइवे पर जामली-पिपरखेड़ा के बीच एक अंधे मोड़ पर स्थित है। इस जगह पर पहले कई सड़क हादसों में लोगों की जान जा चुकी है, जिसके बाद हादसों को रोकने के उद्देश्य से यहां मंदिर का निर्माण कराया गया था।

### खालवा कॉलेज में अव्यवस्था को लेकर छात्रों का प्रदर्शन, खंडवा में स्टाफ की कमी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • जिले के खालवा में स्थित शासकीय महाविद्यालय (मॉडल स्कूल) में फैली अव्यवस्थाओं से नाराज छात्र संघ और सर्व आदिवासी समाज संगठन ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। छात्र दल तहसील मुख्यालय पहुंचे और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए कॉलेज की खराब हालत पर जोरदार नारेबाजी की। छात्रों ने शिकायत की कि कॉलेज में नियमित शिक्षकों की कमी है, प्रयोगशाला जर्जर हालत में है, पुस्तकालय में किताबें नहीं हैं और बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। उनका कहना है कि इन समस्याओं के कारण पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है और कई बार मांग उठाने के बाद भी सुधार नहीं किया गया।

#### राज्यपाल से लेकर कलेक्टर तक भेजी शिकायत

छात्रों ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उच्च



शिक्षा मंत्री, सहायक आयुक्त इंदौर और कलेक्टर खंडवा के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। उनका कहना है कि यदि जल्द ही कॉलेज की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ, तो आंदोलन को और बड़ा किया जाएगा।

विरोध प्रदर्शन के दौरान जयस अध्यक्ष महेंद्र बढ़ई, किशोर पाटिल, कुंवरसिंह अखंडे, संतोष काजले, विशाल परते, सुभाष, गौतम, रूपेश, राहुल, पीयूष, अनिल, निशा, संदीप, सत्यम सहित कई छात्र और समाजजन मौजूद रहे।

### रजूर हॉस्टल की अधीक्षिका सस्पेंड, बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से कूदी थी नौंवी की छात्रा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • खंडवा जिले के रजूर गांव स्थित आदिवासी छात्रावास में नौवीं कक्षा की छात्रा द्वारा तीसरी मंजिल से कूदकर जान देने की घटना ने प्रशासन और विभाग दोनों पर सवाल खड़े हुए हैं। इस मामले में जनजातीय कार्य विभाग भोपाल ने सोमवार को हॉस्टल अधीक्षिका कोकिला बौरासी को निलंबित कर दिया है। उन्हें इंदौर स्थित संभागीय कार्यालय में अटैच किया गया है। शासन ने छात्रा की मौत के लिए अधीक्षिका को जिम्मेदार माना है। छात्रा की पहचान पूजा पिता सुंदरलाल किराड़े के रूप में हुई। यह घटना 1 नवंबर की है, जिस दिन हॉस्टल दिवस और विभाग के मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक विजय शाह का जन्मदिन मनाया जा रहा था। कुछ घंटे बाद ही पूजा ने यह कदम उठाया। बताया गया कि वह हॉस्टल की तीसरी मंजिल से गिरी, जिससे उसके हाथ-पैर टूट गए और सिर में गंभीर चोट आई। पहले खंडवा और फिर इंदौर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान पूजा ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद हॉस्टल अधीक्षिका ने दावा किया कि छात्रा कुछ समय से परेशान थी और उस पर 'भूत-प्रेत का साया' था। अधीक्षिका के अनुसार, शायद इसी वजह से उसने यह कदम उठाया। हालांकि, छात्रा के परिजन इस दावे को पूरी तरह खारिज कर रहे हैं।

छात्रा के पिता सुंदरलाल किराड़े ने कहा कि उनकी बेटी पूरी तरह स्वस्थ थी और दिवाली की छुट्टियों में घर आने के बाद दो दिन पहले ही वह उसे हॉस्टल छोड़कर लौटे थे। पिता ने आरोप लगाया कि बेटी की मौत के बाद हॉस्टल प्रशासन ने उसकी सहेली और अन्य छात्राओं पर चुप रहने का दबाव बनाया। उन्होंने कहा कि 'बेटी की मौत के पीछे पूरा सिस्टम जिम्मेदार है' और इस मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

# राज्यस्तरीय शालैय खेलों में इंदौर को औवरआल खिताब

## सभी वर्गो मे इंदौर का दबदबा



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● 69वी राज्यंस्तरीय शालैय खेल 2025 सात नवंबर से 11 नवंबर तक खेली गई शालैय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे इंदौर के खिलाडियों का सभी वर्गों के खेलो शानदार प्रदर्शन कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। जिला शिक्षा अधिकारी डा. शांतास्वामी भार्गव ने बताया कि 69वी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 14.17.19 वर्ष बालक बालिका प्रतियोगिता डाइविंग क्लायपट्ठ रग्बी मिनीगोल्फ की प्रतियोगिता अलग अलग स्थानों पर आयोजित हुई जिसमे दस संभागो के करीब1500 के करीब बालक बालिका खिलाड़ियों और कोच मेनेजरो ने भाग लिया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता डा.शांतास्वामी भार्गव ने की और पुरस्कार वितरण पार्षद एव एम.आई.सी.सदस्य नंदकिशोर पहाडिया व सेवा निवृत हो चुके व्यायाम शिक्षको ने किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त व्यायाम शिक्षको का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर अनुराग तिवारी प्रकाश गौड, अनिल गौड रजत रौज हैमंत पंवार विक्रांत आखरे दिनेश परमार झंमन सिह संतोष चौधरी उपस्थित थे। क्रार्यक्रम का संचालन सुनयना शर्मा ने किया ।

# जाह्नवी ने तेलुगू स्पीच से इम्प्रेस दी



**मुंबई (एजेंसी)** ● अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने हाल ही में अपनी तेलुगु स्पीच से सभी को प्रभावित कर दिया। हाल ही में हैदराबाद में हुए एआर रहमान के कॉन्सर्ट में अपनी हालिया रिलीज़ फिल्म पेड्डी के प्रमोशन को पहुंची जाह्नवी कपूर ने अपनी तेलुगु भाषा से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस दौरान उनके साथ उनके को-स्टार राम चरण के साथ उनकी फिल्म के निर्देशक बुच्ची बाबू सना भी साथ थें। गौरतलब है कि जहां रहमान के संगीत ने शाम को जादुई बना दिया था, वहीं जाह्नवी ने अपनी तेलुगु स्पीच से उस जगमगाती रात को और रोशन कर दिया।

# भारत-दक्षिण सीरीज 14 से, शुभमन सहित युवा खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ●भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 14 नवंबर से दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज में भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल और उनकी टीम के युवा खिलाड़ियों पर सबकी नजरें रहेंगी। भारतीय टीम का लक्ष्य इस सीरीज को जीतना रहेगा। भारत-दक्षिण अफ्रीका सीरीज के इतिहास पर नजर डालें तो इसमें सबसे अधिक रन सचिन तेंदुलकर ने बनाये हैं। वहीं विराट कोहली चौथे स्थान पर हैं बाकि तीन खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका के हैं। सचिन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कुल 25 टेस्ट मैच खेले, जिनमें उन्होंने 1741 रन बनाए। उनका औसत 42.46 का रहा, जो उनके स्थिर प्रदर्शन और निरंतरता को दिखाता है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व महान ऑलराउंडर जैक्स कैलिस रन बनाने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। कैलिस ने भारत के खिलाफ 18 टेस्ट मैचों में 1734 रन बनाये, और उनका औसत 69.36 का रहा। कैलिस अपने समय के सबसे बेहतर बल्लेबाजों में से एक रहे हैं, उन्होंने कठिन हालातों में भी अपनी टीम को संभाला। वहीं तीसरे स्थान पर हैं दक्षिण अफ्रीका के ही



अनुभवी बल्लेबाज हाशिम अमला। अमला ने भारत के खिलाफ 21 टेस्ट मैच खेले और 43.65 की औसत से 1528 रन बनाए।

भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अब तक 16 टेस्ट मैचों में 54.15 की औसत से 1408 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 254 रन है, जो उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ही लगाया था। यह स्कोर कोहली के टेस्ट करियर का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है।

## टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल का चीनी वीजा रिजेक्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● भारत के टॉप टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को चीन का वीजा नहीं मिल पाया है। नागल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर चीन दूतावास से मदद की अपील की है। दरअसल, नागल को ऑस्ट्रेलियन ओपन प्लेऑफ टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए चीन के चेंगदू जाना था। यह टूर्नामेंट 24 से 29 नवंबर तक खेला जाना है। लेकिन उनका वीजा बिना किसी कारण बताए, रिजेक्ट कर दिया गया। सुमित नागल ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं सुमित नागल, भारत का नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी हूं। मुझे जल्द चीन के लिए उड़ान भरनी है, ताकि मैं भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन प्लेऑफ में हिस्सा ले सकूं। लेकिन मेरा वीजा बिना किसी कारण के अस्वीकार कर दिया गया है। कृपया तत्काल मदद करें। सुमित नागल हरियाणा के झज्जर जिला से हैं। वह फिलहाल एटीपी रैंकिंग में 275वें स्थान पर हैं। कभी वे दुनिया के टॉप-100 खिलाड़ियों में शामिल थे।

# मेरा आत्मविश्वास तोड़ने की कोशिश की गई: गौरी जी. किशन



**मुंबई (एजेंसी)** ● हाल ही में एक यूट्यूबर के घटिया सवाल पर साउथ की जानी-मानी एक्ट्रेस गौरी जी. किशन भड़क गई। गौरी जी इन दिनों अपनी फिल्म 'अदर्स' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। एक यूट्यूबर ने कार्यक्रम के दौरान गौरी के सह-कलाकार आदित्य माधवन से बेहद आपत्तिजनक सवाल पूछ लिया। उसने आदित्य से पूछा कि क्या किसी सीन में उन्हें गौरी को उठाने में वजन की वजह से मुश्किल हुई? यह सवाल सुनते ही गौरी भड़क उठीं और पूरे आत्मविश्वास के साथ करारा जवाब दिया। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर यूट्यूबर की जमकर आलोचना हो रही है और फैंस व कई सितारे गौरी के समर्थन में उतर आए हैं। गौरी जी. किशन ने कहा, 'यह एक बेहद घटिया और असंवेदनशील टिप्पणी थी, जिसका फिल्म या उसके प्रमोशन से कोई लेना-देना नहीं था। इसे सिर्फ मेरा आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान तोड़ने के लिए किया गया था। इसे मजाक के रूप में पेश किया गया, लेकिन यह किसी भी तरह मजाक नहीं था। पिछले हफ्ते हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस पर लोग हंस रहे थे, जो और भी दुखद था।' इस मामले में एक्ट्रेस खुशबू सुंदर, ऋचा चड्ढा और चिन्मयी श्रीपदा ने भी गौरी का समर्थन करते हुए ऐसे सवालों की निंदा की है। सभी ने एक स्वर में कहा कि किसी कलाकार से इस तरह का सवाल पूछना बेहद असभ्य और अपमानजनक है।

## उज्जैन संभाग

# युवा उत्सव : 18-19 को, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में 22 विधाओं में छात्र होंगे शामिल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय 18 और 19 नवंबर को दो दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन करेगा। इसमें जिले के कॉलेजों से 22 विधाओं में विजेता छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। विश्वविद्यालय दिसंबर में राज्य स्तरीय युवा उत्सव की मेजबानी भी करेगा। कॉलेज स्तर पर युवा उत्सव संपन्न होने के बाद, प्रत्येक विधा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अब विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ. एसके मिश्रा ने बताया कि इस दो दिवसीय आयोजन में विक्रम परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सात जिलों के कॉलेजों से 400 से अधिक छात्र-छात्राएं और उनके मैनेजर शामिल होंगे। इस दौरान एकल नृत्य, समूह नृत्य, गायन, वादन, चित्रकला, मूर्तिकला, कोलाज, प्रश्न मंच, वाद-विवाद, शास्त्रीय गायन, पाश्चात्य गायन और अन्य विधाओं में स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। विश्वविद्यालय स्तर पर चयनित विद्यार्थी राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भागीदारी करेंगे। डॉ. मिश्रा ने यह भी बताया कि इस बार राज्य स्तरीय युवा उत्सव की मेजबानी भी सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय को मिली है। लगभग पांच साल बाद विश्वविद्यालय को यह अवसर प्राप्त हुआ है। राज्य स्तरीय युवा उत्सव 8, 9 और 10 दिसंबर को आयोजित किए जाने की तिथि तय की जा रही है। तीन दिवसीय इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से चयनित विद्यार्थी 22 विधाओं के अंतर्गत अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय पहुंचेंगे।




# प्रदेश में अलर्ट-चेकिंग, रात 3 बजे महाकाल मंदिर पहुंचे डीआईजी ; धीरेंद्र शास्त्री बोले- मजहबी विचारधारा के खिलाफ सनातनी एकजुट हों

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास चलती कार में ब्लास्ट के बाद मध्य प्रदेश में भी अलर्ट है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर समेत कई शहरों में पुलिस विशेष चेकिंग अभियान चला रही है। सभी बड़े रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। डॉग स्क्वाड की मदद से यात्रियों के सामान की जांच की जा रही है। डीजीपी कैलाश मकवाना ने सभी एसपी और आईजी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की है। वहीं, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- कट्टर मजहबी विचारधारा पर लगाम लगाने के लिए सनातनियों को एकजुट होना पड़ेगा। इस घटना में पकड़े गए दोषियों को केवल सजा नहीं, बल्कि फांसी दी जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक सनातनियों में एकता नहीं हो जाती, तब तक पदयात्रा जारी रहेगी।

- शास्त्री की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा आज हरियाणा के पलवल में जारी है।
- उज्जैन रेंज के डीआईजी नवनीत भसीन पुलिस बल के साथ तड़के तीन बजे महाकाल मंदिर पहुंचे। मंदिर में सशस्त्र बल के जवानों की तैनाती बढ़ा दी गई है। रेलवे स्टेशन पर विशेष जांच की जा रही है।
- इंदौर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और बीडीएस की टीम ने चेकिंग की।
- छतरपुर पुलिस अधीक्षक आगम जैन खजुराहो पहुंचे। यहां वेस्टर्न टेंपल स्मारकों पर चेकिंग की गई।
- महू में मिलिट्री इंटेलीजेंस भी अलर्ट पर है। वहीं, एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी ने कहा कि पुलिस संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखे है।
- राजगढ़ जिले में कोतवाली थाना प्रभारी अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने बस स्टैंड, होटल और मुख्य मार्गों पर वाहनों की तलाशी ली।
- ग्वालियर में एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

# 17 करोड़ से बन रही कृषि अध्ययनशाला की बिल्डिंग दो साल बाद भी पूरी नहीं हुई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में कृषि अध्ययनशाला के विद्यार्थियों की पिछले पांच साल से दूसरे विभाग में कक्षाएं लगाई जा रही हैं, क्योंकि अध्ययनशाला की स्वयं की बिल्डिंग नहीं है। करीब 17 करोड़ रुपए की लागत से कृषि अध्ययनशाला की नई बि?ल्डिंग बनाने का काम चल रहा है, लेकिन दो साल से भी अधिक समय होने के बाद भी अब तक नई बि?ल्डिंग का काम पूरा नहीं हो सका है। कृषि अध्ययनशाला सबसे अधिक विद्यार्थी संख्या वाला अध्ययनशाला है। कृषि अध्ययनशाला में 1100 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। अध्ययनशाला में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम पूरा कर प्रथम बैच पास आउट हो चुकी है लेकिन अध्ययनशाला के पास अब तक खुद का भवन नहीं है। कृषि अध्ययनशाला की कक्षाएं फिजिक्स डिपार्टमेंट के भवन के फर्स्ट फ्लोर पर लगाना पड़ रही है। वहां भी स्थान की कमी के कारण विद्यार्थियों को कक्षा संचालन में



अड़चनें आती हैं।

कृषि अध्ययनशाला का नया भवन सांख्यिकी अध्ययनशाला के समीप किया जा रहा है। करीब 17 करोड़ रुपए की लागत से माहेश्वरी वाटर प्रूफिंग कंपनी द्वारा नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य किया जा रहा है। बिल्डिंग बनाने का यह काम अगस्त 2023 में शुरू किया गया था। दो साल से भी अधिक समय बीतने के बाद भी बिल्डिंग अब तक बनकर तैयार नहीं हुई है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए अभी भी लगभग दो से तीन महीने के भीतर काम पूरा होने के आसार नहीं हैं। हालांकि विश्वविद्यालय के अधिकारियों का कहना है कि एक माह में बि?ल्डिंग का काम पूरा हो जाएगा और इसका लोकार्पण कर दिया जाएगा। यूनिवर्सिटी कैंपस में बन रही बिल्डिंग का काम अभी भी अधूरा है।

# शादी के 41 साल बाद भी नहीं मिल पाई नागरिकता, जनसुनवाई में पहुंची महिला, अप्रैल में खत्म हो रहा लॉन्ग टर्म वीजा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● उज्जैन में मंगलवार को चल रही जनसुनवाई में एक महिला अपनी बेटी के साथ भारत की नागरिकता दिलाने की मांग लेकर पहुंची। महिला 41 साल पहले महिला शादी करके भारत आई थी। गीता कॉलोनी में रहने वाली रुखसाना कुरैशी शादी से पहले पाकिस्तान के पेशावर शहर में रहती थी। उनकी शादी सन 1984 में उज्जैन निवासी हाफिज कुरैशी से हुई थी। चार दशक बीत जाने के बाद भी रुखसाना को भारत की नागरिकता नहीं मिल पा रही है।



## कलेक्टर ऑफिस के लगा रही चक्कर

रुखसाना करीब एक साल से भारत की नागरिकता के लिए, कलेक्टर ऑफिस के चक्कर लगा रही है। मंगलवार को जनसुनवाई में अपनी बेटी सबा कुरैशी के साथ फिर उन्होंने अपनी पीड़ा सुनाई तो उन्होंने एडीएम कार्यालय भेज दिया गया। यहां पर रुखसाना ने बताया कि मेरी 41 साल पहले शादी होने के बाद पति पूरा काम देखते थे। 3 साल पहले पति की मौत हो गई। अप्रैल में पाकिस्तानी पासपोर्ट की अवधि भी खत्म होने जा रही है।

शादी के बाद से ही लॉन्ग टाइम वीजा पर भारत में रह रही हूं, लेकिन अब तक नागरिकता नहीं मिल पाई है। भारत में रहने के लिए हर दो वर्ष में रेसिडेंटल परमिट बनवाने के लिए एसपी ऑफिस के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसलिए एक वर्ष पहले नागरिकता के लिए आवेदन किया था। लेकिन अब तक नहीं मिल पाई है।

न्यूज ब्रीफ

## डायबिटीज के वास्तविक कारणों, नियंत्रण और रिवर्सल को समझने के लिए होगा स्पेशल सेमिनार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**द्धंदौर** • तेजी से बढ़ते डायबिटीज के मामलों और इसके प्रति जागरूकता की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, इंदौर में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। 'डायबिटीज़ (रिवर्सल) कब, कैसे और क्या कभी नहीं ?' विषय पर आधारित यह सेमिनार 16 नवम्बर 2025 को सुबह 11 बजे से 12 बजे तक जाल सभागृह, साउथ तुकोगंज, इंदौर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ एंडोक्राइनोलॉजिस्ट और डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ. संदीप जुल्का मार्गदर्शन देंगे, जो पिछले 25 वर्षों से मधुमेह, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन संबंधी रोगों के उपचार में विशेषज्ञता रखते हैं। उनका अनुभव और सरल संवाद शैली आम जनता के लिए इस सेमिनार को अत्यंत उपयोगी बनाएगी। सेमिनार का उद्देश्य डायबिटीज के वास्तविक कारणों, सही नियंत्रण के तरीकों और रिवर्सल/रिमिशन की संभावनाओं के बारे में जागरूकता फैलाना है।

## राजा के भाई विपिन के पूरे नहीं हुए बयान, फिर बुलाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**द्धंदौर** • इंदौर के बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में मंगलवार को राजा के भाई विपिन के बयान दर्ज किए गए। हालांकि पूरे बयान दर्ज नहीं होने से कोर्ट ने 26 नवंबर को वापस बुलाया है। दोपहर करीब 3.20 बजे विपिन के बयान दर्ज होना शुरू हुए, जो शाम करीब 5.30 बजे तक चले। इसके बाद भी पूरे बयान दर्ज नहीं हो सके। कोर्ट ने गुमशुदगी, स्त्रद्धक्र सहित शादी, सगाई की बातें पूछी, जिसका विपिन ने जवाब दिया। विपिन ने बताया कि वे सुबह कोर्ट पहुंच गए थे, दोपहर में करीब 3.20 बजे उनके बयान शुरू हुए। उन्होंने बताया कि आज बयान में शुरुआती बातें ही पूछी है। विपिन ने बताया कि इसके अलावा पूछा गया कि दोनों की शादी कैसे हुई थी, राजा यहां कब आया था, राजा का मोबाइल कब बंद हुआ था।

# हेलमेट नहीं तो कटा पुलिसवालों का चालान अफसरों ने खुद दिखाई टीम पर सख्ती

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर में सड़क पर हेलमेट पहनने की हिदायत देने वाली पुलिस पर वही नियम भारी पड़ा। पुलिस कंट्रोल रूम, पलासिया में मंगलवार को ड्यूटी पर बिना हेलमेट पहुंचे। इस दौरान पुलिसकर्मियों के सहकर्मियों ने चालान काट दिया। कई जवानों ने बहस की कोशिश की। लेकिन, अफसरों ने साफ कहा कि कानून सबके लिए बराबर है।

मंगलवार सुबह पलासिया स्थित कंट्रोल रूम के बाहर अचानक चेकिंग शुरू की गई। डीसीपी आनंद कलादगी और वरिष्ठ अफसरों ने बिना हेलमेट आए पुलिसकर्मियों के चालान कटवाए। कुछ पुलिसकर्मियों ने चालान कटते ही कहा सर, हम तो अंदर ड्यूटी पर जा रहे हैं। लेकिन अफसरों का जवाब था हेलमेट सिर्फ आम जनता के लिए नहीं। पुलिस



वालों के लिए भी जरूरी है। इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने हाल ही में डिपार्टमेंटल मीटिंग में चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि सभी पुलिसकर्मी पहले खुद हेलमेट पहनें, फिर जनता को सिखाएं। जब कई जवान अब भी लापरवाह नजर आए, तो मंगलवार को एक्शन डे रखा गया। कई पुलिसकर्मियों से मौके पर ही स्पॉट फाइन वसूला गया। कुछ को ऑनलाइन चालान भरने के निर्देश दिए गए। पिछले हफ्ते डीसीपी आनंद कलादगी के नेतृत्व में राजवाड़ा और पलासिया क्षेत्र में हेलमेट जागरूकता रैली निकाली गई थी। रैली में पुलिस ने जनता को हेलमेट पहनने की सलाह दी। लेकिन कुछ घंटे बाद सोशल मीडिया पर खुद पुलिसकर्मियों के बिना हेलमेट फोटो वायरल हो गए।

- इंदौर के पुलिसकर्मियों ने सड़क पर हेलमेट पहनने की हिदायत दी थी, लेकिन खुद वही नियम उनके लिए भारी पड़ गया। जब वे बिना हेलमेट के ड्यूटी पर पहुंचे, तो उनके सहकर्मियों ने चालान काट दिया।
- मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम, पलासिया में बिना हेलमेट पहुंचे पुलिसकर्मियों के चालान काटे गए। कुछ पुलिसकर्मियों ने कहा कि वे तो ड्यूटी पर जा रहे हैं, लेकिन अफसरों ने साफ कहा कि हेलमेट सबके लिए जरूरी है।
- पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने हाल ही में मीटिंग में पुलिसकर्मियों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा, पहले खुद हेलमेट पहनें, फिर जनता को सिखाएं। उन्होंने कानून के पालन की अहमियत समझाई।
- कई पुलिसकर्मियों के लापरवाह व्यवहार के बाद मंगलवार को एक्शन लिया गया। कुछ पुलिसकर्मियों से मौके पर ही स्पॉट फाइन वसूला गया, जबकि कुछ को ऑनलाइन चालान भरने का निर्देश दिया गया।

## जनसुनवाई में रोते हुए बुजुर्ग दंपति को देख खुद भावुक हुए कलेक्टर



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर के कलेक्टर कार्यालय में हुई जनसुनवाई में आज बड़ी संख्या में लोग अपनी-अपनी समस्या लेकर पहुंचे। लेकिन इसी बीच एक ऐसा भी वाक्या सामने आया जिसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। दरअसल एक बुजुर्ग दम्पत्ति अपनी समस्या को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा के पास पहुंचा, दंपत्ति ने रोते हुए कलेक्टर को अपनी समस्या बताई। बुजुर्ग दंपत्ति ने आवेदन देते हुए बताया की उनके परिवार के सदस्य उन्हें घर पर नहीं रखना चाहते, ना ही उनकी कोई मदद करते है। उन्हें घर में ही काफी दिक्कत सहन करनी पड़ रही है। बुजुर्ग दंपति की व्यथा सुनकर कलेक्टर शिवम वर्मा खुद भी काफी भावुक हो गए। शिवम वर्मा बुजुर्ग की व्यथा सुनकर बेटे की तरह उनकी पूछताछ करने लगे। कलेक्टर उनकी सारी समस्या सुनकर बड़े दुखी हुए और कहने लगे कि ऐसे बुजुर्गों का बच्चों को ध्यान रखना चाहिए।

# सचिव काम नहीं करेगा, साले को हटा देंगे-मुख्यमंत्री

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल** • भोपाल के जंबूरी मैदान में शनिवार को प्रदेश स्तरीय सरपंच सम्मेलन हुआ। सरपंचों के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 'कोई सचिव अगर काम नहीं करेगा तो साले को हटा देंगेज् इनकी क्या औकात? सरपंच के मामले में दिक्कत आएगी तो उसे ठीक करना सरकार का काम है। सीएम ने कहा कि जमीन पर काम सरपंच करता है, इसलिए पंचायतों को मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके जो विषय आए हैं उनके लिए हमारी सरकार पूरी तरह से आपके साथ है। जब सरपंच के सामने बैठेंगे तो सचिव, रोजगार सहायक को भी आना ही चाहिए। त्रिस्तरीय शासन प्रणाली में जो प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री हमको दिखते हैं।

आपको जो पावर हैं वो पावर तो बड़े-बड़े पद वालों को भी नहीं हैं। एक



सरपंच जो कर सकता है वो कोई नहीं कर सकता। हमारे इतने बड़े प्रदेश में बड़ी आबादी गांवों में रहती है। प्रदेश की तस्वीर, तकदीर बदलने का काम आपके बिना नहीं हो सकता।

कार्यक्रम में सीएम डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली में हुए ब्लास्ट में मारे गए लोगों के लिए 2 मिनट का मौन रखवाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें कल की घटना को भूलना नहीं है। हमारे देश की प्रगति और बढ़ने वाले कदम दुनिया में अलग प्रकार से निकल रहे हैं। ऐसे में दुश्मन भी पता नहीं, कितने प्रकार से प्रयास करते हैं। इस मामले में गृह मंत्री अमित शाह को पूरी जानकारी देंगे। सीएम ने कहा- पिछले बार 23-24 और 25 जुलाई को त्रिस्तरीय पंचायत के अधिकारियों का कार्यक्रम हुआ था। इस बार 24-25 और 26 नवंबर को भोपाल में कॉन्फ्रेंस होने वाली है। उसमें कुछ बातें मैं भी जोड़ना चाहता हूं। जैसे शहरीकरण बढ़ रहा है तो पंचायत और आसपास लगी नगरीय निकाय के बीच कई बार टकराव होता है।

# हंस ग्रुप अपनी आवासीय कॉलोनी के लिए सरकारी श्मशान घाट ही हटवाने पर तुला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर का जाना-माना हंस ट्रेवल्स ग्रुप अब रियल एस्टेट सेक्टर में भी आ गया है। ग्रुप के अरुण गुप्ता कबीटखेड़ी गांव, मल्हारगंज तहसील में हंस ग्रीन्स नाम से प्रोजेक्ट कर रहे हैं। यह प्रोजेक्ट उनकी कंपनी हंस रियलकॉन प्रा. लि. के नाम से किया जा रहा है। वहीं, अब इस 50 करोड़ से ज्यादा कीमत वाले प्रोजेक्ट की बिक्री में समस्या आ रही है। इसके चलते वह सरकारी श्मशान घाट हटवाने पर तुले हुए हैं। हालत यह है कि एक फैसले में हाईकोर्ट को ही उनके इस मामले में तीखी टिप्पणी करनी पड़ी है।

हंस रियलकॉन के जरिए कबीटखेड़ी के कुल 1.526 हेक्टेयर जमीन पर यह आवासीय प्रोजेक्ट पास कराया गया है। इस प्रोजेक्ट में सर्वे नंबर 78/2, 79/2, 80/2, 81/2, 82/1 और 83/2 शामिल है। यह प्रोजेक्ट करीब 15 हजार वर्ग मीटर में है। यहां 70 से ज्यादा आवासीय प्लॉट हैं। इसकी कीमत 50 करोड़ से ज्यादा है। इस प्रोजेक्ट के पास ही निरंजनपुर तहसील, जूनी इंदौर का सर्वे नंबर 235 आता है। यह 80-90 साल से सरकारी श्मशान घाट के रूप में इस्तेमाल हो रहा है। यहां पर कबीटखेड़ी और निरंजनपुर दोनों क्षेत्र के निवासी अंतिम संस्कार करते हैं। हंस ग्रुप ने इस श्मशान को हटवाने के लिए पहले प्रशासन, नगर निगम, कलेक्टर इंदौर, निगमायुक्त इंदौर, एसडीएम जूनी व मल्हारगंज सभी जगह शिकायतें की। इसमें बताया कि सरकारी जमीन के सर्वे नंबर 235 पर कब्जा हो रहा है। यहां लोग कब्जा करके श्मशान घाट और अन्य निर्माण कर रहे हैं। वहीं, जब इन शिकायतों पर कुछ नहीं हुआ, तो एक नहीं, दो रिट पिटीशन दायर की थी। इसके बाद, यह खारिज होने पर रिट अपील दायर की है।

**दूसरी याचिका भी खारिज**-मध्यप्रदेश के इंदौर में सरकारी जमीन पर कब्जा, कार्रवाई की जगह तहसीलदार के आदेश पर पटवारी केवल बोर्ड लगाकर लौट गई

**हाईकोर्ट ने लिखा- निजी स्वार्थ के लिए ऐसा कर रहा हंस**-हाईकोर्ट में पहले रिट अपील दायर हुई था। यह मार्च 2024 में खारिज हो गई थी। इसमें हाईकोर्ट ने बकायदा प्रशासन से मौके की रिपोर्ट और पंचनामा, रिकॉर्ड बुलवाए थे।

इसमें प्रशासन ने बताया कि यहां कोई कब्जा नहीं हो रहा है। इस जमीन का उपयोग 80-90 सालों से शमशान घाट के रूप में हो रहा है। ना ही यहां कोई नया निर्माण हो रहा है, केवल मुक्तिधाम उन्नयन और रिनोवेशन का काम किया जा रहा है। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता हंस रियलकॉन पर तीखी टिप्पणी की। उन्होंने आदेश में लिखा कि- शिकायत और रिट पिटीशन दोनों ही गलत हैं। चूंकि याचिकाकर्ता मुक्तिधाम के पास ही जमीन पर आवासीय परियोजना विकसित कर रहा है, इसलिए उसने प्रतिवादियों (कलेक्टर, कमिश्नर निगम, एसडीएम, तहसीलदार) से शिकायत शुरू कर दी। शिकायत और याचिका दोनों ही दुर्भावनापूर्ण और कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग और निजी स्वार्थ के लिए अदालत के समय की बर्बादी के सिवा और कुछ नहीं है। याचिका खारिज की जाती है। इस याचिका के खारिज होने के बाद एक नए सिरे से फिर हंस रियलकॉन ने याचिका दायर की थी।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में 102 करोड़ की सब्सिडी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना के तहत इंदौर जिले के 13133 उपभोक्ताओं को को सबसे ज्यादा कुल 103 करोड़ रूपए की सब्सिडी मिल चुकी है। वहीं कंपनी क्षेत्र में 26245 उपभोक्ताओं को 204 करोड़ रूपए से ज्यादा की सब्सिडी मिल चुकी है। इस तरह पीएम सूर्यघर में सबसे ज्यादा लाभार्थी इंदौर जिले से संबंधित हैं, इसमें से भी इंदौर महानगर क्षेत्र के 11 हजार से ज्यादा उपभोक्ता है। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने बताया कि रूफ टॉप सोलर नेट मीटर संयंत्रों की स्थापना के सतत प्रयास किए जा रहे है। सभी अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। इसी कारण प्रतिमाह एक से डेढ हजार उपभोक्ता सेटअप लगा रहे हैं। वर्तमान में कंपनी की रूफ टॉप सोलर नेट मीटर संबंध उपभोक्ताओं की संख्या करीब 42500 हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।